

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 25 नवंबर 2026 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष ■ वर्ष -42 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये





नवंबर
25



जन-जन के लोकप्रिय नेता एवं प्रदेश के यशस्वी

माननीय उप मुख्यमंत्री

श्री अरुण साव जी

को जन्मदिन की हार्दिक **शुभकामनाएं**



प्रदेश अध्यक्ष:
डॉ. नीरेंद्र साहू



रंजना साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



सत्यप्रकाश साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



तिलक राम साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



उद्धो प्रसाद साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



चित्रलेखा साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



राजेश साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



गोपाल साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ, (छ. ग)



कुमान साहू



सुनील साहू



चंद्रवती साहू



चुडामणि साहू



सुभाष साव



ओमप्रकाश साहू



रागनी साहू



खिलेश्वरी साहू



प्रदीप साहू



वीणा साहू

प्रभु श्रीराम के ननिहाल में श्रीराम कथा का आयोजन सौभाग्य का विषय:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 25 नवंबर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस्पात नगरी के सेक्टर-2 में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने व्यासपीठ को नमन कर विश्वविख्यात कथाव्यास पूज्य संत चिन्मयानंद बापू से आशीर्वाद लिया तथा श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भक्तिभाव से श्री राम कथा का रसपान किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरू नानक देव जी की जयंती प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने माता कौशल्या की जन्मभूमि एवं प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस्पात नगरी भिलाई में विगत आठ दिनों से श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। पूज्य बापू जी के श्रीमुख से श्री राम कथा का रसपान करने का अवसर मिलना हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रभु श्रीराम से गहरा आध्यात्मिक एवं भावनात्मक संबंध है। प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया है। प्रदेश में अनेक ऐसे पवित्र स्थल हैं, जो प्रभु श्रीराम के वनवास काल की स्मृतियों से जुड़े हुए हैं। राजिम के त्रिवेणी संगम में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर के संबंध में मान्यता है कि प्रभु श्रीराम एवं माता सीता ने अपने करकमलों से शिवलिंग की स्थापना की थी। चंदखुरी में माता कौशल्या का मंदिर स्थित है। राम वन गमन पथ से जुड़े अनेक स्थल छत्तीसगढ़ की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह छत्तीसगढ़वासियों के लिए विशेष हर्ष एवं गौरव का विषय है, क्योंकि छत्तीसगढ़वासी प्रभु श्रीराम को अपना भांजा मानते हैं। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत अब तक 55 हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हो चुके हैं। प्रत्येक सप्ताह अम्बिकापुर, बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग से विशेष ट्रेन के माध्यम से लगभग 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या ले जाकर श्री रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री साय ने अपने विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में पूर्व में आयोजित श्री राम कथा का स्मरण करते हुए कहा कि पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी का स्नेह एवं आशीर्वाद निरंतर छत्तीसगढ़ को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने जनवरी 2027 में रायपुर में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम एवं माता सीता से सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, भूपेन्द्र सवन्नि, संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल, जीवन आनंद फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में 206 विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं 27 करोड़ से अधिक की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 25 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहर को 68 करोड़ 37 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। खुर्सीपार आईटीआई स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में 182 विकास कार्यों के लिए 54 करोड़ 95 लाख रुपये का भूमिपूजन तथा 24 विकास कार्यों के लिए 13 करोड़ 41 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस प्रकार कुल 206 विकास कार्यों की सौगात भिलाई को मिली।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की मांग पर जुनवानी, साकेत नगर, कुरूद एवं सुंदर विहार में सड़क निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपये तथा कोसा नाला से कुटेला भाठा तक सड़क निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके साथ ही सांसद विजय बघेल की मांग पर ऑडिटोरियम एवं इंडोर स्टेडियम निर्माण की घोषणा भी की गई। इन घोषणाओं से शहर के अधोसंरचनात्मक विकास को नई दिशा मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों के सम्बन्ध में चर्चा किये। भिलाई में संचालित बढ़े विकास कार्यों की जानकारी साझा किये, तथा बीएसपी रिटेंशन आवास के मामले में प्रभावित नागरिकों को राहत दिलाने के विषय पर विशेष चर्चा की। उन्होंने शहर के विकास और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने भिलाई में किए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी समय में भी शहर को विकास कार्यों की नई सौगात दी जाएगी। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने बीएसपी रिटेंशन आवास मामले में नागरिकों को राहत दिलाने तथा भिलाई में हुए विकास कार्यों के संबंध में अपनी बात रखी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्र के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राज्यगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय, महापौर नीरज पाल, जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, विनोद सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरुचि सिंह ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर

चिट्टा नेटवर्क से जुड़े 2 और गिरफ्तार



भिलाई, 25 नवंबर (तछसं.)। भिलाई खुर्सीपार थाने पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) के कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए नेटवर्क से जुड़े दो और आरोपियों को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस मामले में अब तक कुल 13 व्यक्तियों को पकड़ा जा चुका है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि को मुखबिर से सूचना मिली कि जोन क्रमांक 03, जीरो स्ट्रीट, खुर्सीपार स्थित जसबीर कौर के मकान में अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) का विक्रय किया जा रहा है सूचना पर थाना खुर्सीपार पुलिस टीम मौके से आरोपी महिला जसबीर कौर को पकड़ा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 70.460 ग्राम हेरोइन जब्त की थी। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के मेमोरेण्डम कथनों एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम जांच करती रही इस दौरान एक के बाद एक नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई इसी क्रम में मंगलवार को आरोपी रबेल सिंह एवं गौरव अहिरवार को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चिट्टा बिक्री की रकम 3,500, मोटोरोला मोबाइल, ओप्पो मोबाइल, हुंडई कार एवं फाइल पेपर रोल की सामग्री जब्त की गई इस प्रकार प्रकरण में अब तक कुल दो नाबालिग सहित 13 व्यक्तियों को पकड़ा गया है।

खिलाड़ियों के 13 मोबाइल चोरी



भिलाई, 25 नवंबर (तछसं.)। भिलाई निवास के सामने साइकिल पोलो ग्राउंड में खिलाड़ियों के मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है जयंती स्टेडियम बंद होने के कारण खिलाड़ी भिलाई निवास ग्राउंड में अभ्यास कर रहे थे अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों ने अपने 13 मोबाइल एक ही स्कूटी की डिक्की में रखे थे। अभ्यास खत्म होने के बाद डिक्की खोली गई तो सभी 13 मोबाइल गायब मिले चोरी हुए सभी मोबाइल महंगे और बजट श्रेणी के फोन बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि मोबाइल में परीक्षा के एडमिड कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी मौजूद थी ।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

भिलाई, 25 नवंबर। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में नदौरी गांव में एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार से पोल से टकराया गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल दाखिल कराया, जहां डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया पुलिस शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी में रखवा दिया है। बुधवार को परिजन पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा ।

सामान खरीदने गई किशोरी लापता

भिलाई, 25 नवंबर। भिलाई दुकान से सामान खरीदने जाने की बात कहकर घर से निकली (15 साल) किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है काफी तलाश के बावजूद सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जताई है पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर का अपराध दर्ज किशोरी की तलाश शुरू कर दी है ।

रसोइया के पद पर भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 4 दिसंबर को

महासमुंद, 25 नवंबर । भारत शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर महासमुंद में बहुउद्देशीय कर्मचारी/रसोइया के एक रिक्त पद पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए है। चयन हेतु 4 दिसंबर 2026 को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री टीकवेंद्र जटवार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रारंभ में अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिए एकमुश्त सेवा शुल्क पर की जाएगी। कार्य योग्यता, क्षमता, व्यवहार एवं विभागीय आवश्यकता के आधार पर सेवा अवधि प्रत्येक बार एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी। नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी तथा योजना की अवधि तक ही सीमित रहेगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का मोहलाई में शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 25 नवंबर । इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) इकाई द्वारा ग्राम मोहलाई में 22 से 28 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में समाज सेवा, जन-जागरूकता, ग्रामीण विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

शिविर का उद्घाटन 23 नवंबर को ग्राम मोहलाई में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेरिली राय, वूमेन सेल कोऑर्डिनेटर श्री रविंद्र छावड़ा, ग्राम सरपंच डॉ. नरेंद्र निषाद एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती भुवनेश्वरी साहू विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं शिविर का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम द्वारा किया जा रहा है।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता फैलाने तथा सेवा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है।सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता एवं विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।यह शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जगदलपुर नगर पालिक निगम ने शुरू किया सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का विशेष ऑडिट अभियान

जगदलपुर, 25 नवंबर । विश्व शौचालय दिवस 2026 के अवसर पर नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा शहर के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान 19 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है, जो 27 नवंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत शौचालयों का कार्यशील सुलभ स्वच्छ पर्यावरण-अनुकूल और सुरक्षा मापदंडों के आधार पर विश्लेषण (पब्लिक ऑडिट) किया जा रहा है। ऑडिट प्रपत्र के अनुसार, शौचालयों का मूल्यांकन कुल 80 अंकों के आधार पर 5 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित 16 मापदंडों के तहत किया जाएगा। इसमें कार्यशील श्रेणी के अंतर्गत पर्याप्त वेंटिलेशन, सभी कक्षों में जलापूर्ति, कुंडी-बोल्ट की व्यवस्था और वॉश बेसिन में जल व साबुन की उपलब्धता देखी जाएगी। सुलभ श्रेणी में पुरुष व महिला के लिए पृथक प्रवेश, दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा आसान पहुँच व संकेतक की उपलब्धता का आकलन होगा।

हर वोट की सुरक्षा ही देश की सुरक्षा: विनोद चंद्राकर

महासमुंद। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत भलेसर एवं कनेकेरा में आयोजित बूथ स्तरीय जनचौपाल एवं संवाद कार्यक्रमों में पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेसजनों एवं उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट है। यदि वोट की सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाएगी तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। इसलिए हर नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना होगा और मतदाता सूची में अपना नाम जांचना होगा।पूर्व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किए बिना लोकतंत्र की रक्षा संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान का उद्देश्य भी यही है कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न कटे और कोई भी फर्जी मतदाता सूची में शामिल न हो। हर वोट की सुरक्षा ही देश की सुरक्षा है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और मतदाता सूची की जांच में सहयोग करने का आह्वान किया।

जनचौपाल में मतदाता सूची की पारदर्शिता, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। ईदबदौरान कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सराहनीय रही। साथ ही अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल ने कहा,खेल में जीत से अधिक महत्वपूर्ण है अनुशासन, मेहनत और खेल भावना

जोन स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में छह संकुलों के बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोगरगढ़, 25 नवंबर। छपारा के खेल मैदान में जोन स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में लगभग छह संकुलों के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, मेहनत और टीम भावना का महत्व सिखाता हैउन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि जीतने वाले खिलाड़ियों को घमंड नहीं करना चाहिए और हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए। हार हमें अपनी कमियों को सुधारने और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की सीख देती है। खेल के मैदान में नियमों का पालन करना, निर्णायकों के फैसले का सम्मान करना और साथी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाना ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान है।कार्यक्रम में धुसेरा सरपंच पीताम्बर सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मनोज नेताम, सलोनी सरपंच प्रतिनिधि कमलेश वर्मा ग्राम प्रमुख मनोज पटेल, शाला अध्यक्ष गणपत साहू, उपाध्यक्ष इतवारी राम गेन्द्रे, लेखराम वर्मा, नेहरू वर्मा, हिरा राम साहू, नरेश सहारे, रामकुमार सहारे, महेश सहारे, उत्तम यादव, तुका राम पटेल, खेमू पटेल, उपसरपंच पेमीन साहू एवं पंच सावित्री वर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इसके अलावा विभिन्न शालाओं से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बैंक खाता साइबर ठगों को देने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 25 नवंबर। थोड़े से कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराना आठ लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ खाताधारकों को चिन्हित किया है इन में नेवई थाना क्षेत्र के इंडसइंड बैंक से जुड़े छह और छावनी थाना क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक से जुड़े दो खाताधारक शामिल हैं। पुलिस की जांच में इन खातों के माध्यम से लाखों रुपये से अधिक की संदिग्ध धनराशि का लेन-देन सामने आया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) शोभराज अग्रवाल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साइबर अपराध और म्यूल बैंक खातों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई में जांच में सामने आया है कि साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़े एजेंट लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते उपलब्ध कराते थे इसके बदले खाताधारकों से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक और संबंधित मोबाइल सिम कार्ड प्राप्त किए जाते थे इन दस्तावेजों और सिम कार्ड को साइबर अपराधियों तक पहुंचाया जाता था इस के बाद साइबर ठगी से प्राप्त रकम इन खातों में जमा कराई जाती थी। रकम को अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर उसके वास्तविक स्त्रोत को छिपाने का प्रयास किया जाता था। इस पूरे लेन-देन के बदले खाताधारकों को 5 हजार से 15 हजार रुपये तक कमीशन दिया जाता था इस मामले में टोमन डहरे (44 साल) निवासी स्टेशन मरोदा, अभय मिश्रा (28 साल) निवासी बाबादीप सिंह नगर, हरिशंकर सारथी (28 साल) निवासी चंडी मंदिर, चेतन मांझी (32 साल) निवासी अंबेडकर आवास जोरातराई, देवराज साहू (25 साल) निवासी जवाहर चौक बोरसी, बिसेक शर्मा (31 साल) निवासी न्यू खुर्सीपार, अखिलेश सिंह (32 साल) निवासी फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड व अक्षय सक्सेना (28 साल) निवासी मीनाक्षी नगर बोरसी पर कार्रवाई की गई है

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2026 का स्टेडियम में शुभारंभ



जगदलपुर, 25 नवंबर । बस्तर अंचल की खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने वाले ष्बस्तर ओलंपिक 2026 बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय मुकाबलों का बुधवार को जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। ष्करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तरष् के उत्साह और उमंग के बीच मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप एवं अन्य अतिथियों ने बस्तर एवं बकावंड ब्लॉक के मध्य आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान फुटबॉल को किक मारकर खेलों की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर भारोत्तोलक पालेश नाग ने खिलाि?यों को खेल भावना और गरिमा के अनुरूप प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। दो दिवसीय 25 एवं 26 नवम्बर 2026 इस जिला स्तरीय आयोजन में जिले के सात विकासखंडों में 16 नवम्बर तक आयोजित प्रतियोगिताओं से चयनित दो हजार से अधिक खिला?ी अपनी खेल कला और कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को पहले दिन जूनियर वर्ग 10 से 17 वर्ष तथा गुरुवार को सीनियर वर्ग 17 वर्ष से अधिक आयुद्ध के मुकाबले होंगेए जिनमें महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं रखी गई हैं। आयोजन का समापन कल गुरूवार शाम 4 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में होगा।शुभारंभ अवसर पर खिला?ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का शानदार मंच मिला है। उन्होंने बताया कि जोन और ब्लॉक स्तर से आगे बरते हुए खिलाड़बी अब जिला स्तरीय मुकाबलों में पहुंचे हैं। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ.साथ प?ाई पर भी पूरा ध्यान देने का आह्वान किया। इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री शरद अवस्थी ने कहा कि उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के लिए किसी ब? महानगर का होना जरूरी नहीं हैए छोटे.छोटे गांवों में भी बेहतरीन खिलाड़ी जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाहए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सायए गृह मंत्री श्री विजय शर्मा और सुरक्षा बलों के प्रयासों व बलिदान से बस्तर अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुका हैए जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।



तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 25 नवंबर 2026 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष ■ वर्ष -42 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

शराब घोटाला का फरार आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू दुबई में पकड़ाया

रायपुर,25 नवंबर। शराब घोटाले का मुख्य आरोपी विकास अग्रवाल साल 2023 से फरार चल रहा था, जिसके हफ्तेभर पहले दुबई में गिरफ्तारी हुई थी, चूंकि दुबई में यूएई का कानून लागू होता है, जिसकी वजह से यूएई सरकार फरार विकास अग्रवाल को भारत भेज रही है, जिसे लाने के लिए ACB/EOW चीफ अमरेश मिश्रा समेत विशेष टीम जल्द यूएई रवाना होगी. टीम के विदेश असाइनमेंट से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज तैयार हो चुके हैं. बता दें कि विकास अग्रवाल पर डिस्टिलरी और FL-10A लाइसेंस धारकों से कमीशन वसूली का आरोप है. विकास अग्रवाल अनवर ढेबर तक अवैध फंड पहुंचाने की मुख्य कड़ी माना जा रहा है. कयास लगाए जा रहे हैं कि विकास को भारत में लाए जाने के बाद ACB/EOW की पूछताछ में अवैध पैसों के लेन-देन और अंतिम लाभार्थियों के बड़े राज खुलेंगे.

टोल चोरी पर 8 गुना तक जुर्माने की तैयारी

नई दिल्ली 25 नवंबर । नेशनल हाईवे पर बिना रुके सफर की सुविधा देने वाले बैरियर-लेस टोल प्लाजा पर टैक्स चोरी करने के लिए वाहन की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले चालकों के खिलाफ केंद्र सरकार अब बेहद सख्त रुख अपनाने जा रही है। टोल बचाने के चक्कर में नंबर प्लेट मोडऩे या उस पर टेप व कागज चिपकाकर अंक छिपाने की चालाकी अब वाहन मालिकों की जेब पर बेहद भारी पड़ेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एक ऐसा कड़ा नियम लागू करने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत पकड़े जाने पर सामान्य टोल शुल्क का 4 से 8 गुना तक भारी-भरकम जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए मंत्रालय की ओर से नेशनल हाईवे फीस रूल्स में जरूरी संशोधन करने का प्रस्ताव तेजी से तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों में मजबूत हो रही सड़क संपर्क व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, 25 नवंबर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ एवं जनजातीय बहुल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत जशपुर जिले को पांच वृहद पुलों के निर्माण की सौगात मिली है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इन पुलों के निर्माण के लिए कुल 16 करोड़ 3 लाख 34 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के बैच-I में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 6 नवंबर 2026 को जारी पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ में 167 पुलों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनमें जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के पांच वृहद पुल शामिल हैं। इन पुलों के निर्माण से विशेष रूप से दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा ग्रामीण बसाहटों का मुख्य मार्गों से संपर्क मजबूत होगा।

बगीचा विकासखंड में होगा 290 मीटर कुल लंबाई के पांच पुलों का निर्माण

स्वीकृत कार्यों के तहत डंगरी से दरावाकोना मार्ग पर नाले में 60 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 3 करोड़ 56 लाख 23 हजार रुपये तथा जबला से नवापारा मार्ग पर नाले में 30 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए



1 करोड़ 83 लाख 21 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार कमरीमा मंझाटोली से खपरीडीह मार्ग पर नाले में 60 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 4 करोड़ 4 लाख 19 हजार रुपये, बगीचा-कांसाबेल मार्ग से जनकपुर पहुंच मार्ग पर नाले में 80 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 3 करोड़ 52 लाख 67 हजार रुपये तथा कुहापानी से बांसधार मार्ग पर नाले में 60 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 3 करोड़ 7 लाख 4 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

बारहमासी संपर्क सुविधा से ग्रामीण विकास को मिलेगी गति

इन पुलों के निर्माण से वर्षा ऋतु में नालों के कारण आवागमन बाधित होने की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक जाने तथा मरीजों को समय पर स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। इसके साथ ही स्थानीय व्यापार, रोजगार एवं आजीविका संबंधी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। बेहतर सड़क संपर्क से दूरस्थ जनजातीय बसाहटों तक शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और आवश्यक सेवाओं की पहुंच भी आसान होगी। इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। सभी स्वीकृत निर्माण कार्य निर्धारित राशि के अंतर्गत पूर्ण किए जाएंगे। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

पीआरए और बार्बरिक ग्रुप पर 6 दिन चली आईटी की छापेमारी खत्म

रायपुर,25 नवंबर। छत्तीसगढ़ के पीआरए और बार्बरिक ग्रुप पर आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी में कई बड़े खुलासे हुए हैं। आईटी की 6 दिनों तक चली इस कार्रवाई में करीब 250 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय गड़बड़ी से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्तियों में निवेश, बोगस बिलिंग और संदिग्ध लेनदेन से जुड़े दस्तावेज भी जांच के दायरे में आए हैं। मंगलवार को आयकर विभाग की संयुक्त टीम छापेमारी पूरी कर वापस लौट गई है। तलाशी के दौरान करीब 250 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इनमें कच्चे में कारोबार, बोगस बिलिंग और संदिग्ध लेनदेन से संबंधित रिकॉर्ड शामिल हैं। इसके अलावा करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्तियों में निवेश से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। टीम ने कारोबारियों के निर्मित और अर्धनिर्मित स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया। छापेमारी के दौरान करीब 2 करोड़ रुपये की नगदी और 1 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए थे। कार्रवाई के दौरान ग्रुप के

250 करोड़ की कथित गड़बड़ी के मिले दस्तावेज, 2 करोड़ कैश और 1 करोड़ के जेवर जब्त

संचालकों और सहयोगी फर्मों के प्रतिनिधियों के बयान भी दर्ज किए गए।

झारखंड और मुंबई तक पहुंची जांच-जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर आयकर विभाग ने झारखंड और मुंबई स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों को भी जांच के दायरे में लिया। विभाग को आशंका है कि टर्नओवर बढ़ने के बावजूद समूह की ओर से अपेक्षाकृत कम टैक्स जमा किया गया। इसके अलावा कारोबार में नुकसान दिखाकर टैक्स देनदारी कम करने की आशंका की भी जांच की जा रही है। छापेमारी पूरी होने के बाद अब आयकर विभाग ने कारोबारियों और उनकी फर्मों के बैंक खातों का पूरा ब्योरा बैंकों से मांगा है। वहीं पंजीयन विभाग से जमीन, मकान और अन्य संपत्तियों की जानकारी भी तलब की गई है। विभाग अब नामी-बेनामी संपत्तियों और उनमें किए गए निवेश के स्रोतों का सत्यापन करेगा। इसके साथ ही सहयोगी फर्मों के बीच हुए करोड़ों रुपये के लेनदेन की भी जांच की जाएगी। जब्त दस्तावेजों और दर्ज बयानों के आधार पर अंतिम जांच रिपोर्ट तैयार होगी। इसके बाद वास्तविक आय और संभावित टैक्स चोरी का आकलन किया जाएगा। फिलहाल, छह दिनों की छापेमारी पूरी हो चुकी है, लेकिन पीआरए और बार्बरिक ग्रुप के खिलाफ आयकर विभाग की जांच अभी जारी रहेगी।



राहुल गांधी को बड़ी राहत हाईकोर्ट के आदेश रद्द

नई दिल्ली, 25 नवंबर। कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शिकायत में लगाए गए आरोपों का सत्यापन करने और जांच की प्रगति बताने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया। साथ ही राहुल गांधी को भी मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। मामले की शुरुआत कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विघ्नेश शिशिर की याचिका से हुई थी। उन्होंने राहुल गांधी और उनके परिवार के सदस्यों पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए सीबीआई और ईडी जांच की मांग की थी। याचिका के समर्थन में कुछ दस्तावेज भी पेश किए गए थे। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मई 2026 में जांच एजेंसियों को आरोपों का सत्यापन करने और प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। बाद में सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताते हुए नया हलफनामा मांगा गया था।

सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शिकायतकर्ता की याचिका दाखिल करने की पात्रता और प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त को हाईकोर्ट की आगे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी थी। फिलहाल आरोप साबित नहीं हुए हैं। शीर्ष अदालत ने भी मामले के गुण-दोष पर अंतिम फैसला नहीं दिया है। अब हाईकोर्ट में नए सिरे से सुनवाई होगी।

वैभव खिलाड़ी के तौर पर तोड़ते हैं टीम का रिकार्ड

नई दिल्ली,25 नवंबर। एक खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ता है, एक टीम किसी अन्य टीम का रिकॉर्ड तोड़ती है, लेकिन 15 साल के वैभव सूर्यवंशी एक खिलाड़ी के तौर पर एक टीम का ही रिकॉर्ड तोड़ देते हैं। जी हां, वैभव सूर्यवंशी ने अकेले वह कारनामा कर दिखाया है, जो कोई भी वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं कर पाई है। वैभव लिस्ट ए मैच में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने खिलाड़ियों के साथ-साथ इंग्लैंड की टीम का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। दरअसल, वनडे इंटरनेशनल मैच में, जो लिस्ट ए क्रिकेट भी कहा जाता है, उसमें क मैच में किसी टीम ने अगर सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं तो वह इंग्लैंड की टीम है। इंग्लैंड के सभी बल्लेबाजों ने मिलकर एक पारी में कुल 26 छक्के जड़े हुए हैं, लेकिन इससे ज्यादा छक्के अकेले वैभव सूर्यवंशी ने एक पारी में जड़ दिए। उन्होंने यूएई के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के लीग मैच में कुल 28 छक्के जड़कर एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम



किया। वनडे मैच में किसी ने भी इतने छक्के नहीं जड़े। इंग्लैंड ने जहां एक वनडे पारी में 26 छक्के जड़े हैं, न्यूजीलैंड ने 22, साउथ अफ्रीका ने 20, ऑस्ट्रेलिया ने 20 और टीम इंडिया ने खुद 19 छक्के जड़े हुए हैं, लेकिन अगर इसे लिस्ट ए क्रिकेट नजरिए से देखा जाए तो इन टीमों पर वैभव सूर्यवंशी अकेले भारी पड़े हैं। यहां तक कि प्रोफेशनल क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में इतने छक्के किसी एक बल्लेबाज ने नहीं जड़े हैं। तन्मय अग्रवाल ने रणजी मैच में 26 छक्के जड़े थे, जो कि फर्स्ट क्लास क्रिकेट है, जबकि 23 छक्के कोलिन मुनरो ने जड़े हुए हैं और लिस्ट ए मैच में 23 छक्के जड़ने का रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम दर्ज है।


वैभव सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा कर दिया था। वे 53 गेंदों में 204 रनों की पारी खेलकर आउट हुए थे। 7 चौके और 28 छक्के इस पारी में वैभव के बल्ले से आए। लिस्ट ए क्रिकेट की ये सबसे तेज पारी रही, जबकि सबसे तेज दोहरा शतक, सबसे तेज 150 रन, सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड भी इसी पारी में वैभव ने बनाया। सबसे ज्यादा छक्के भी एक पारी में इसी मैच में वैभव ने लगाए। इसके साथ-साथ टीम के तौर पर भी कई रिकॉर्ड इस मैच में बने। लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 50, सबसे कम गेंदों में 100 और सबसे कम गेंदों में 200 और 250 रन किसी टीम ने बनाए।



रायपुर, 25 नवंबर.छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव श्री नृपेंद्र मिश्र से सौजन्य भेंट की।इस अवसर पर श्री गणेश शंकर मिश्रा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं एवं नीतिगत पहलों की जानकारी दी।

नया टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी में ट्रंप

वाशिंगटन,25 नवंबर। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका भारत, चीन और कई अन्य देशों पर इसी हफ्ते टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने पर विचार कर रहा है। अमेरिका का आरोप है कि ये देश जरूरत से ज्यादा औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे अमेरिकी व्यवसायों को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर, भारत सहित 16 अर्थव्यवस्थाओं के संबंध में अपने कार्यालय द्वारा 11 मार्च को शुरू की गई जांच के नतीजों की घोषणा कर सकते हैं। यह जांच 1974 के 'ट्रेड एक्ट' की धारा 301 के तहत शुरू की गई थी। यह धारा अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार देती है कि अगर कोई देश अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल पाया जाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीर का तर्क है कि इन अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी सब्सिडी और अन्य तरह की मदद के कारण औद्योगिक क्षमता जरूरत से ज्यादा बढ़ गई है। इससे वहां की कंपनियों को वैश्विक



बाजारों में सस्ते सामान की भरमार करने और अमेरिकी निर्माताओं को नुकसान पहुंचाने का मौका मिल गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया की तुलना में भारत और वियतनाम पर कहीं ज्यादा टैरिफ लग सकता है। यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया के लिए यह दर 15% या उससे कम रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में भारत के लिए प्रस्तावित टैरिफ दर के बारे में नहीं बताया गया है। वहीं, चीन पर कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक शुल्क लगने की संभावना है। भारत और अमेरिका एक अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में जिस ढांचे को अंतिम रूप दिया गया था, उस पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट' के तहत लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था। भारत चाहता है कि अमेरिकी बाजार में उसके सामान पर बांग्लादेश, वियतनाम और कंबोडिया जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ लगे।

विविधता में एकता ही भारत की पहचान: भागवत

नई दिल्ली,25 नवंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में 'विविधता में एकता' की अवधारणा पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने बताया कि किस तरह अलग-अलग भाषाओं, अनेक बोलियों, 33 करोड़ देवी-देवताओं, और खान-पान तथा रीति-रिवाजों में भारी अंतर होने के बावजूद, भारतीय होने की भावना बनी रहती है। मोहन भागवत के अनुसार, भारत 'हम लोग' (वी द पीपल) की भावना से एकजुट है। तमिलनाडु, आंध्र, महाराष्ट्र और पंजाब के लोग एक साथ आते हैं और खुद को 'हम' के रूप में पहचानते हैं। अपनापन की यह भावना बहुत महत्वपूर्ण है, और यह केवल बाहरी खतरों के कारण पैदा नहीं होती है। अगर यह किसी खतरे की वजह से अस्तित्व में आया होता, तो उस खतरे के खत्म होते ही



यह भी खत्म हो जाता। इसके विपरीत, भारत की यह भावना इतिहास के उतार-चढ़ाव और लंबे कालखंडों के दौरान लगातार विकसित होती रही है। उन्होंने कहा कि हम, भारत के लोग, प्राचीन काल से अस्तित्व में हैं; हम आज भी हैं, और भविष्य में भी बने रहेंगे। इस भावना को केवल शब्दों या भाषा के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए उदाहरणों की आवश्यकता है। ऐसी मिसालें जो एकता की इस भावना को और अधिक मजबूत करेंगी। भागवत ने कहा कि युवाओं को झूठ पसंद नहीं है। वे अपने देश को मजबूत बनाना चाहते हैं। वे जब भी स्वयंसेवक समाज को तकलीफ में देखते हैं तो वे खुद आगे आते हैं। वे कभी संसाधनों या मदद की चिंता नहीं करते। मोहन भागवत में कार्यक्रम में आगे कहा कि भारत की युवा पीढ़ी गुलामी के प्रभावों से मुक्त है। मैं जब घूमता हूं तो मैं देखता हूं। उनमें एक प्रामाणिकता है। वे लोग झूठ का तिरस्कार करते हैं। कोई बोलने वाला प्रामाणिकता से बोलता है। अपने देश को बड़ा बनाने की उनकी इच्छा है।

बंगाल के मंत्री का बड़ा बयान

कोलकाता 25 नवंबर । बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों और हत्याओं को लेकर भारत में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन मंत्री अर्जुन सिंह ने एक विवादित बयान देकर नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि 16 दिसंबर तक बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया जाएगा और वहां हिंदुओं की हत्याओं का बदला लिया जाएगा।मंगलवार को काकिनारा में गंगा आरती के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अर्जुन सिंह ने कहा, 'हम 16 दिसंबर तक बांग्लादेश पर कब्जा कर लेंगे।

गुजरात के नन्द घरों का अवलोकन किया मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, 25 नवंबर.हर बच्चे को पोषण, सीखने और सुरक्षित बचपन का अवसर मिले इसी संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गुजरात प्रवास के दौरान गांधीनगर यूनिट 2 के ग्राम करई में नन्द घरों (आंगनबाड़ी) का भ्रमण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों में उन्होंने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

बच्चों की खिलखिलाहट, सीखने की जिज्ञासा और उनके बेहतर भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच



मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने केंद्रों की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। नन्द घर केवल सेवा केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के शुरुआती जीवन को संबल देने और माताओं तक जरूरी सहयोग पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यहां मिलने वाली देखभाल और सीखने का वातावरण बच्चों के आत्मविश्वास और विकास की नींव मजबूत करता है। गांधीनगर स्थित सचिवालय में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने गुजरात की महिला एवं बाल विकास (महिला एवं बाल कल्याण) मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. मनीषा राजीवभाई वकील से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सामरी की विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा गुजरात के महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव श्री राकेश शंकर और छत्तीसगढ़ की विभागीय संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस दौरान विभागीय योजनाओं, आंगनबाड़ी सेवाओं और महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री ने गुजरात में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। गुजरात के नन्द घरों में देखे गए प्रयास छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्रों को और बेहतर बनाने तथा हर बच्चे तक पोषण, शिक्षा और संवेदनशील देखभाल पहुंचाने के संकल्प को नई दिशा दे सकते हैं।

किताबों में धुंधली छपाई पर एनसीईआरटी सख्त

नई दिल्ली 25 नवंबर । देश भर के स्कूली बच्चों को साफ और गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग यानी एनसीईआरटी ने बेहद सख्त कदम उठाया है। काउंसिल ने अपने सभी मंजूरशुदा प्रिंटिंग प्रेस को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए साफ कर दिया है कि यदि किताबों की छपाई खराब या कंटेंट धुंधला पाया गया, तो संबंधित प्रिंटर्स के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संपादकीय

भारत शक्तिशाली देश व मोदी मजबूत नेता तो हैं

पीएम मोदी देश के लोकप्रिय नेता होने के साथ ही विश्व के भी लोकप्रिय नेता भी है और वह देश हो विश्व हो लोककल्याण को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं,इसी वजह से वह अपने साथ के और आसपास के नेताओं से हमेशा ज्यादा लोकप्रिय बने रहते हैं।विश्व के सबसे मजबूत व सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में वह अक्सर टॉप फाइव में बने रहते हैं।वह टकराव में नहीं आपसी सहयोग से देश व विश्व के कल्याण की सोच रखते हैं और उसी के हिसाब से कड़ी मेहनत भी करते हैं,कड़ी मेहनत के कारण वह ज्यादातर कामों में सफल होते हैं और उसका लाभ देश सहित विश्व के लोगों को मिलता है। आंकड़े तो उनकी सफलता की पुष्टि करते हीं है, आम लोग भी उनकी योजनाओं का फायदा मिलने से मानते हैं कि मोदी सफल है,उनकी योजनाएं सफल है। जमीन पर जब लोगों को लाभ मिलता है तो गरीबी कम होती है,गरीबों की संख्या कम होती है और लोगों का लगता है कि कोई तो नेता है जो गरीबी हटाओ का नारा नहीं लगाता है,लेकिन देश में गरीबी कम करके दिखाता भी है। पीएम मोदी ने जिस काम को हाथ में लिया है, उसमें कड़ी मेहनत कर पूरा भी किया है, संकल्प किया है तो उसे पूरा भी किया है।उनके नेतृत्व में विश्व में भारत का महत्व बढ़ा है,मान सम्मान बढ़ा है, भारत की बात सुनी ही नहीं जाती है,मानी भी जाती है। माना जाता है कि हर क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है,उसकी गिनती कई क्षेत्रों में टाप फाइव में होती है। यह उपलब्धि इसलिए गौरव करने योग्य हो जाती है कि 2114 के पहले भारत दुनिया के टाप फाइव कमजोर देशों में गिना जाता था।मात्र 12 साल में पीएम मोदी ने देश को हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है। यही वजह है कि कोरोना काल के बाद जब देशों की विकास गति कम हो गई है तो भारत के विकास की गति तेज बनी हुई है। विश्व के टाप दस देशों में आज भारत के विकास की गति सबसे ज्यादा है तो इसका बहुत कुछ श्रेय पीएम मोदी की हर क्षेत्र की नीति को जाता है। भारत चाहे आर्थिक रूप से हो, सेना की दृष्टि से हो,अंतरिक्ष के क्षेत्र में हो,तकनीक के मामले में हो, सामाजिक क्षेत्र हो,एआई हो, निर्यात हो,संचार का क्षेत्र, सड़क,रेलवे की सुविधा हो आज हर क्षेत्र में भारत की सुविधाएं विश्वस्तरीय होती जा रही है,और इस बदलाव देश में देखा जा सकता है। हरक्षेत्र तेज तरक्की के कारण विश्व स्तरीय जो संस्थाएं वह भारत को अब टाप फाइव में रखती है। हाल ही में आल्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की ताजा एशिया पावर इंडेक्स 2026 में भारत को एशिया में अमरीका व चीन के बाद तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बताया गया है। भारत मेजर पावर (प्रमुख शक्ति) की श्रेणी में एकमात्र देश बना हुआ है,जापान,रूस व आस्ट्रेलिया उससे पीछे हो गए हैं।रिपोर्ट में अमरीका व चीन को सुपर पावर का दर्जा मिला हुआ है।अमरीका का स्कोर 100 में 78.9 है तो चीन का 73.6 है।भारत का स्कोर बढ़कर 40.5 हो गया है,भारत का स्कोर बढ़ने के कारण ही भारत तीसरे नंबर पर आ गया है और पीएम मोदी एशिया के दूसरे शक्तिशाली नेता बन गए हैं। गौरतलब बात यह भी है कि भारत व चीन के बीच पहले यह अंतर बहुत अधिक हुआ करता था लेकिन वर्तमान में यह अंतर बहुत कम हो गया है। अमरीका व चीन के बीच भी अंतर कम रह गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुटनीतिक हैसियत.लंब समय से मजबूत आर्थिक संभावनाए और क्षेत्रीय सुरक्षा साझेदारियों से वह मेजर पावर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करता जा रहा है। रिपोर्ट में भारत तो दस शीर्ष देशों में सबसे ज्यादा अंक दिया गया है।2018 में जब यह इंडेक्स शुरू हुआ था तो भारत चौथे स्थान पर था। 2024 में उसने जापान को पीछे छोड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। 2025 में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वह मेजर पावर बना। 2026 में वह अपने स्थान पर बना हुआ है। रिपोर्ट की सबसे खास बात यह है कि पीएम मोदी को एशिया में क्षेत्रीय नेतृत्व के मामले में दूसरा सबसे प्रभावी नेता माना गया है। वे सिर्फ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीछे हैं। 2025 में मोदी पांचवें स्थान पर थे।इस साल तीन स्थान ऊपर चढ़कर वह दूसरे स्थान पर आ गए हैं। रिपोर्ट में मोदी को एशिया में भारत के कूटनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के मामले में अधिक प्रभावी माना गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत वैश्विक निवेश प्रवाह में अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर है और चीन से आगे है।उसे दुनिया का नया निवेश हाटस्पाट बताया गया है।भारत का रक्षा नेटवर्क पहले की तुलना में बहुत मजबूत हुआ है। स्थिर व्यापार और निवेश संबंधों के कारण भारत उन देशों में शामिल रहा जिनके आर्थिक रिश्ते कमजोर नहीं हुए। यह इंडेक्स 27 देशों और क्षेत्रों का मूल्यांकन 131 संकेतकों के आधार पर करता है। इस रिपोर्ट विश्व में फिर भारत एक शक्तिशाली देश व पीएम मोदी शक्तिशाली नेता के रूप में जाने व माने जा रहे हैं। लेकिन इस रिपोर्ट से राहुल गांधी को जरूर बड़ा झटका लगा होगा क्योंकि वह फिर एक बार झूठे साबित होते हैं कि पीएम मोदी कमजोर नही विश्व के मजबूत नेता है।

चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश

राजनीति

निर्मल रानी

उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फ़रवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही



देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवत: फ़रवरी-मार्च 2027 की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबर-दिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फ़ाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इज़ाफ़ा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरक़रार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनज़र भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के



मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीक़े से एक बड़ी साज़िश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी) चुनावी मुक़ाबला होने की संभावना थी वहीँ मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफ़्ली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नज़र से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और 'भीम आर्मी' के प्रमुख चंद्रेशखर की आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्क़ों में खलबली पैदा कर दी है। बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना पर जहां पहले भी चर्चा होती रही है वहीँ चुनाव नज़दीक आने पर बने ओवैसी चंद्रशेखर के यह नये समीकरण व इसके द्वारा उठाये जाने वाले धर्मस्थल विध्वंस,लक्षित एस आई आर,अवैध घुसपैठ, धर्मांतरण, धार्मिक जुलूसों जैसे अनेक ऐतिहासिक विवादों पर तीखे बयान सामाजिक और साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को और भी बढ़ा रहे हैं। गोया उत्तर प्रदेश के लगभग 19-20% मुस्लिम मतदाताओं के रुझान को लेकर एक ओर जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन इस वोट बैंक को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे थे वहीं असदुद्दीन ओवैसी के ए आई एम आई एम व चंद्रशेखर की आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) और बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना बढ़ती दिखाई दे रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक तो पहले ही असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा के हितसाधक नेता के रूप में देखते आ रहे थे परन्तु अब इस सूची में चंद्रशेखर आज़ाद का नाम भी शामिल हो गया है।

उधर भाजपा समर्थित बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री जोकि पहले भी अपने सम्प्रदायिकपूर्ण व विवादित बयानों के लिये चर्चा में बने रहते हैं उन्होंने पिछले दिनों 'हमारे राम तुम्हारे कृष्ण' जैसी बातें कर और साथ ही भगवान कृष्ण को लेकर अशोभनीय बातें कर समाज में रोष भड़का दिया है। इसके बाद बेशक धीरेन्द्र शास्त्री ने मुआफ़ी मांग ली है परन्तु उनके समर्थन और विरोध को लेकर खिंची रेखायें साफ़दिखाई दे रही हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की राजनीति में ब्राह्मण लॉबी और राजपूत/ठाकुर असंतोष जैसे मुद्दे भी चर्चा में हैं। जबकि बहुजन समाज पार्टी के कोर जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सपा, भाजपा और चंद्रशेखर की आज़ाद समाज पार्टी के बीच होड़ देखी जा रही है। उधर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राम जन्म भूमि आंदोलन का पूरा लाभ उठा लेने के बाद और साथ ही मंदिर के दान व चंदा चोरी जैसे आरोपों में घिरने के बाद अब मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाये जाने के भी चर्चा सुनी जा रही है। इतना ही नहीं बल्कि अधिकांश दलों द्वारा लगभग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उप-जातियों के आधार पर टिकट वितरण और प्रचार से स्थानीय स्तर पर जातीय वैमनस्य भी बढ़ सकता है। इसके अलावा चुनावों के बीच डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर भ्रामक सूचनाओं और भड़काऊ कंटेंट के प्रसार से भी साम्प्रदायिक और जातीय तनाव भड़कने का जोखिम बना रहता है। इसीलिये 2027 का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होने के कारण इस चुनाव में आक्रामक बयानबाज़ी बढ़ने की पूरी आशंका है। जबकि एक अध्ययन के मुताबिक़, सभी समुदायों के युवा मतदाता पहचान की राजनीति के साथ-साथ रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इस बार उत्तर प्रदेश, चुनावी महासंग्राम की राह पर जाता दिखाई दे रहा है।

हमारा घरेलू दृश्यम



व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

शाम की चाय अभी आधी ही खत्म हुई थी कि सामने वाले मकान के वर्मा जी दरवाजे



पर नमूदार हुए। चेहरे पर वैसी ही निदोंष चमक, जैसी सावन की पहली बारिश के बाद धुले हुए पत्तों पर होती है। उन्होंने बड़े इत्मीनान से पूछा कि भाई साहब, पिछली दिवाली पर जो पांच सौ का नोट आपने मुझसे खुल्ले कराने के नाम पर लिया था, उसका क्या बना? मेरा माथा ठनका। हालांकि मुझे बखूबी याद था कि वह नोट मेरी ही जेब से निकलकर उनकी हथेली पर विराजमान हुआ था, मगर वर्मा जी के आत्मविश्वास के आगे मेरी अपनी याददाश्त किसी सहमे हुए मुजरिम की तरह कांपने लगी। एक पल को तो मुझे खुद पर ही शक होने लगा कि कहीं उस दिन सचमुच मैंने ही उधार तो नहीं लिया था। सच पूछिए तो आज के दौर में किसी रुपहले पर्दे के सिनेमाघर में जाने की जरूरत ही क्या है, जब हर गली, हर मोहल्ले और हर बैठक में एक नया दृश्यम रोज रचा जा रहा है।

हमारी तहजीब में अब झूठ बोलना कोई ऐब नहीं रहा, बल्कि यह तो एक ललित कला बन चुकी है, जिसमें सुर, ताल और लय का पूरा ध्यान रखा जाता है। किसी से उधार लेकर इस कदर भूल जाना कि जैसे वह घटना पिछले जन्म में घटित हुई हो, या फिर बड़े तपाक से कोई वादा करके यूं मुकर जाना कि जैसे जुबान फिसलना ही दुनिया का सबसे बड़ा सच हो, यह सब अब हमारी रोजमर्रा की शराफत का हिस्सा है। सामने वाले की आंखों में आंखें डालकर ऐसी मासूमियत ओढ़ लेना कि बेचारा कर्ज देने वाला ही खुद को गुनहगार समझने लगे, यह महारत किसी बड़े से बड़े अदाकार को भी पानी पिला सकती है।

अगर हम अपनी इस सामाजिक कलाकारी को तीन अध्यायों में बांटकर देखें, तो इसकी बारीकियां और भी साफ नजर आती हैं। पहले दौर में हमने यह सीखा कि किसी भी गलती या वादाखिलाफी के निशान कैसे मिटाए जाते हैं। दफ्तर की फाइल गुम हो जाना, किसी जरूरी चिट्ठी का वक्त पर न मिलना, या ऐन मौके पर मोबाइल की बैटरी का जवाब दे जाना, यह सब उसी पहले अध्याय के सबक हैं। मुझे अकबर और बीरबल का वह पुराना किस्सा याद आता है, जिसमें एक दरबारी ने शाही खजाने से अशर्फियां गायब कर दी थीं और बादशाह के पूछने पर बड़ी संजीदगी से कहा था कि हुजूर, अशर्फियां तो शायद हवा के झोंके से उड़ गईं। आज हर दूसरा शख्स उसी दरबारी का आधुनिक अवतार बना बैठा है। वह सबूतों को इतनी सफाई से दफन करता है कि कानून तो क्या, खुद अंतरात्मा भी सुराग ढूंढते ढूंढते थक जाती है।

फिर आया दूसरा अध्याय, जहां हमने सीखा कि जब पुराने बहाने घिस जाएं और पोल खुलने का अंदेशा पैदा हो जाए, तो कहानी को एक नया और चौंकाने वाला मोड़ कैसे दिया जाता है। यहां आकर इंसान सिर्फ बचाव नहीं करता, बल्कि बाजी ही पलट देता है। मसलन, अगर आपने किसी मित्र से किताब मांगी और उसे वापस करना भूल गए, तो दूसरे चरण की कलाकारी यह कहती है कि आप उल्टा मित्र से ही पूछ बैठें कि यार, वह मेरी वाली किताब तुमने अब तक लौटाई क्यों नहीं? सुनने वाला सन्न रह जाता है। मुंशी प्रेमचंद के पात्र अपनी सरलता और सच्चाई के कारण जीवन भर ठगे जाते थे, मगर आज का यह नया नवेला इंसान चालाकी की उस ऊंचाई पर बैठा है जहां सच्चाई भी रास्ता पूछकर गुजरती है। वह हर सवाल के जवाब में एक नई कहानी बुनता है और पुराने गवाहों को बड़ी नफासत से अपने पाले में कर लेता है।

अब हम तीसरे और सबसे दिलचस्प अध्याय की दहलीज पर खड़े हैं। यह वह मुकाम है जहां सारी दुनिया को असलियत का पता होता है, सारे सबूत चीख चीखकर गवाही दे रहे होते हैं, मगर मजाल है कि हमारे चेहरे की शिकन भी बदले। इस तीसरे दौर की सबसे बड़ी खासियत यही है कि रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी हम पूरी संजीदगी से कह देते हैं कि जनाब, यह आपकी नजरों का धोखा है। मिर्जा गालिब ने शायद इसी दौर के लिए फरमाया था कि हमको मालूम है जन्नत की हकीकत लेकिन, दिल के खुश रखने को गालिब ये खयाल अच्छा है। हमने अपनी सुविधा के ऐसे ही छोटे छोटे आश्रम और सत्संग बना रखे हैं, जहां हर गलती को एक नया नाम देकर पाक साफ घोषित कर दिया जाता है।

मेज पर रखी चाय अब बिल्कुल ठंडी हो चुकी है और वर्मा जी बड़े इत्मीनान से मेरी तरफ देख रहे हैं, मानो मेरे ही मुंह से अपनी शराफत का प्रमाणपत्र सुनना चाहते हों। मैं भी मुस्कुराता हूं, जेब से पांच सौ का एक कड़क नोट निकालता हूं और बड़ी आजिजी से उनकी तरफ बढ़ाते हुए कहता हूं कि लीजिए वर्मा जी, पिछली बार की अमानत वापस कर रहा हूं, दरअसल उस दिन मैं शहर से बाहर एक सत्संग में गया हुआ था। वर्मा जी के चेहरे पर एक विजयी मुस्कान तैर जाती है और मुझे लगता है कि आज मेरा तीसरा भाग भी कामयाब हो गया।

राशिफल

मेष: आज कामकाज की व्यस्तता और बढ़ती जिम्मेदारियों से थकान हो सकती है। धैर्य रखकर सभी काम संभालने का प्रयास करें। पुरानी स्वास्थ्य समस्या उभर सकती है, इसलिए सेहत का ध्यान रखें। वाहन खरीदने की योजना है तो जल्दबाजी न करें। आर्थिक मामलों में दूसरों पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें।

वृषभ: आज का दिन खुशियों और नए अवसरों से भरा रह सकता है। आपकी रचनात्मकता लोगों को प्रभावित करेगी और नए लोगों से दोस्ती हो सकती है। अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। हालांकि, बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। अविवाहित लोगों की जिंदगी में किसी खास व्यक्ति की एंट्री हो सकती है।

मिथुन: आज बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि आपकी कोई बात गलत समझी जा सकती है। ऑनलाइन खरीदारी में सावधानी बरतें। प्रॉपर्टी से जुड़ा फैसला लेने से पहले सभी दस्तावेजों की जांच जरूर करें। मन भटकने से जरूरी काम प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए अपनी प्राथमिकताएं तय करें और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें।

कर्क: आज परिवार में सुख-सुविधाएं और खुशियां बढ़ सकती हैं। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। हालांकि, पुराने लेन-देन से जुड़ा मामला चिंता बढ़ा सकता है। बातचीत से समाधान निकालने का प्रयास करें। घर में नया वाहन या कोई बड़ी सुविधा खरीदने की योजना बन सकती है। आर्थिक स्थिति देखकर ही फैसला लेना बेहतर होगा।

सिंह: आज भाग्य का साथ मिलने से कार्यक्षेत्र और कारोबार में लाभ हो सकता है। सफलता के साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अनुशासन बनाए रखना चाहिए। पूजा-पाठ और ध्यान में रुचि बढ़ सकती है। जीवनसाथी का सहयोग महत्वपूर्ण मामलों में मददगार साबित होगा।

कन्या: आज अपनी भावनाएं मां के साथ साझा करने से मन हल्का हो सकता है। उनकी सलाह किसी महत्वपूर्ण फैसले में मददगार रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। जीवनसाथी के लिए कोई खास उपहार खरीद सकते हैं। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

तुला: आज घर में खुशी और शुभ कार्यों का माहौल रह सकता है। लंबे समय से अटके काम पूरे होने और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। इससे आर्थिक राहत मिलेगी। हालांकि, विरोधी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। समझदारी से परिस्थितियों को संभालें। बच्चों की कोई प्यारी फरमाइश आपका मन खुश कर सकती है।

वृश्चिक: आज कारोबार को लेकर नए विचार आ सकते हैं, जो भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। व्यापार विस्तार या योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर सकते हैं। विदेश से जुड़े कामों में अच्छी खबर मिलने की संभावना है। नए संपर्क भविष्य में अवसर दिला सकते हैं। पिता की किसी बात का बुरा लग सकता है।

धनु: आज का दिन मिला-जुला रह सकता है। जीवनसाथी की नाराजगी दूर करने के लिए प्यार और समझदारी से बातचीत करें। आर्थिक मामलों में बिना पूरी जानकारी के फैसला न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा और मानसिक दबाव कम हो सकता है। कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर: आज जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिलने से परिवार में खुशी आएगी। मेहनत से अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं। दिनचर्या और जीवनशैली में सुधार करने का प्रयास सफल रहेगा। हालांकि, सेहत को नजरअंदाज न करें। घर में नए मेहमान का आगमन संभव है।

कुंभ: आज दिन में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखें। यात्रा के दौरान कोई उपयोगी जानकारी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में मतभेद होने पर गुस्से के बजाय शांति से अपनी बात रखें। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर शुरू किया गया काम आगे बढ़ सकता है। घर के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की योजना बन सकती है।

मीन: आज कारोबार में चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन सही रणनीति से समाधान निकाल पाएंगे। दूसरों की सलाह पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। सरकारी कामों में अतिरिक्त भागदौड़ करनी पड़ सकती है, इसलिए दस्तावेज तैयार रखें। वैवाहिक जीवन में बातचीत और आपसी समझ बनाए रखना जरूरी होगा। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

देश की जनसंख्या राष्ट्र के विकास में अवरोध, उपभोक्ता बाजार की चांदी

दृष्टिकोण

संजीव ठाकुर

देश की जनसंख्या एक सौ इकतालीस करोड़ से अधिक हो गई है, यह अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता बाजार के लिए जरूर यह बड़ी क्रय शक्ति का प्रमाण हो सकती है क्योंकि इसमें क्रय शक्ति उनके उत्पाद को बहुत ज्यादा बढ़ावा देती हैं और उनका अंतरराष्ट्रीय बाजार में खास सकारात्मक प्रभाव पैदा हो सकता है पर देश के समग्र विकास के लिए यह नुकसानदायक



है।इसका प्रतिकूल प्रभाव भी निरंतर देश के नागरिकों पर पड़ता जा रहा है, जनसंख्या के दबाव के कारण संसाधनों में भारी कमी तथा गिरावट हुई है जितना भी आर्थिक नियोजन देश की विभिन्न योजनाओं की बनाया जाता है उसे पर जनसंख्या का बहुत ज्यादा दबाव होने से विकास की गति में अवरोध उत्पन्न होते जा रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या केवल एक संख्या नहीं है, यह हमारे जल, जंगल, जमीन, नौकरी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता निरंतर दबाव है। भारत ने दो हजार तेईस में विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बनने का स्थान प्राप्त किया और अब संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की दो हजार छब्बीस की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या एक सौ सैंतालीस करोड़ से अधिक हो गई है। दो हजार चौबीस में यह एक सौ चौवालीस करोड़ और दो हजार पच्चीस में एक सौ छियालीस करोड़ थी, और अनुमान है कि अगले चालीस वर्षों में यह एक सौ सत्तर करोड़ तक पहुंच कर ही घटना शुरू होगी। यह वृद्धि सीधे तौर पर हमारे जन संसाधनों को कम कर रही है। एक समय कहा जाता था कि भारत में नदियों का जाल है, अब प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता उन्नीस सौ इक्यावन के पाँच हजार एक सौ सतहत्तर घन मीटर से घटकर चौदह सौ घन मीटर के करीब आ गई है। जमीन वही है, खेत बंटते-बंटते छोटे हो रहे हैं। नौकरियां बढ़ रही हैं, पर नौकरी मांगने वाले उससे कई गुना तेजी से बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि आर्थिक विकास का लाभ आम आदमी तक पहुंचते-पहुंचते पतला हो जाता है।

क्या भारत में सच में जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, इस पर जनसंख्या विशेषज्ञों की राय दो तरह की है। पहले वर्ग का मानना है कि समस्या संख्या नहीं, बल्कि नियोजन की है। प्रसिद्ध जनसंख्या वैज्ञानिक आशीष बोस, जिन्हें पिछड़े राज्यों के लिए विशेष शब्द के जनक के रूप में जाना जाता है, हमेशा कहते थे कि बच्चे दो ही अच्छे का नारा तभी सफल होगा जब बच्चा जीवित रहेगा और पढ़ेगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत प्रतिनिधि का दृष्टिकोण अधिक आधुनिक है। दो हजार छब्बीस की रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और युवा ही देश के भविष्य का नेतृत्व करने वाली मुख्य शक्ति हैं, इसलिए युवाओं के विचारों को नीतियों में शामिल करना जरूरी है। उनका संकेत स्पष्ट है कि भारत के पास छब्बीस प्रतिशत आबादी दस से चौबीस साल की है और उनहत्तर प्रतिशत आबादी पंद्रह से चौंसठ साल की कामकाजी आयु में है। यह एक युवा अवसर का समय है, जिसे यदि सही दिशा में निवेश नहीं किया गया तो यही युवा बेरोजगारी के संकट में बदल जाएगा।

दूसरी महत्वपूर्ण बात जो विशेषज्ञ बताते हैं वह है कुल प्रजनन दर, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर अब एक दशमलव नौ है, जो दो दशमलव एक की प्रतिस्थापन दर से नीचे है। इसका अर्थ है कि औसतन एक महिला दो दशमलव एक से कम बच्चे पैदा कर रही है, यानी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या खुद को पूरा नहीं कर रही। यह दर उन्नीस सौ सत्तर में लगभग पाँच बच्चों से घटकर आज एक दशमलव नौ पर आना एक बड़ी सफलता है, जिसका श्रेय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को जाता है। फिर भी जनसंख्या बढ़ रही है, क्योंकि इसे जनसंख्य गति कहा जाता है, पहले जन्मे बड़ी संख्या में बच्चे अब संतान उत्पत्ति की आयु में हैं। लेकिन देश के भीतर असमानता बहुत बड़ी है। सिक्किम में यह दर एक है, वहीं बिहार में दो दशमलव सात है। केरल, तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कर लिया है, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड अभी भी पिछड़े हैं। इसलिए एक राष्ट्रीय कानून से ज्यादा, राज्य के अनुसार अलग रणनीति की जरूरत है। जनसंख्या दबाव का विकास पर असर सबसे पहले पर्यावरण पर पड़ता है। अधिक लोगों के लिए अधिक अनाज, अधिक पानी, अधिक बिजली और अधिक घर चाहिए। इसका सीधा असर जंगलों की कटाई और शहरों में झुग्गियों के रूप में दिखता है। दूसरा असर शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के छठे दौर में जिसमें सात सौ पंद्रह जिलों के लगभग सात लाख परिवारों को शामिल किया गया, आज भी केवल पंद्रह प्रतिशत बच्चों को ही पर्याप्त आहार मिल पा रहा है। जब स्कूल में साठ बच्चों पर एक शिक्षक होगा तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी। तीसरा और सबसे खतरनाक असर रोजगार पर है। भारत में हर साल लगभग एक करोड़ बीस लाख युवा काम की तलाश में आते हैं। यदि हमने जनसंख्या को समय रहते स्थिर नहीं किया तो यह युवा शक्ति का लाभ हानि में बदल जाएगा।



नियंत्रण कैसे किया जाए इस पर बल से नहीं, समझ से काम लेना होगा। किसी पड़ोसी देश जैसी जबरदस्ती की एक बच्चा नीति भारत जैसे लोकतंत्र में न तो संभव है न ही उचित है। भारत का अनुभव कहता है कि नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका महिला सशक्तिकरण है। संयुक्त राष्ट्र के सर्वेक्षण में भारत के युवाओं से पूछा गया तो तिरासी प्रतिशत ने भविष्य को लेकर सकारात्मक सोच दिखाई, और अठारह से उनतालीस साल की महिलाओं ने आदर्श परिवार का आकार दो दशमलव एक बच्चे बताया, यानी लोग खुद ही छोटा परिवार चाहते हैं। पैंतीस से उनतालीस साल के पचासी प्रतिशत निःसंतान लोग माता-पिता बनना चाहते हैं, पर सही समय और संसाधन का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए सरकार को तीन काम करने होंगे। पहला, गोपनीय और सहज प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और परिवार नियोजन साधनों की आसान उपलब्धता। दूसरा, लड़कियों की शिक्षा और देर से विवाह को बढ़ावा, क्योंकि शिक्षित लड़की देर से और कम बच्चे पैदा करती है। तीसरा, बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा, ताकि लोगों को बुढ़ापे के सहारे के लिए अधिक बच्चे पैदा करने की मजबूरी न रहे। जनसंख्या नियंत्रण का अर्थ केवल ऑपरेशन कराना नहीं, बल्कि लोगों को यह अधिकार देना है कि वे स्वतंत्र रूप से तय कर सकें कि बच्चा कब, कितने और कैसे पैदा करना है। जब तक हर बच्चे को भोजन, हर युवा को रोजगार और हर बुजुर्ग को सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक विकास के आंकड़े केवल कागजों पर रहेंगे। एक सौ इकतालीस करोड़ की ताकत तभी ताकत बनेगी जब वह बोझ न बनकर साधन बने, और इसके लिए रोक नहीं, बल्कि बेहतर प्रबंधन जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार हैं।)

संजीव-नी

दिल से दुआ निकलती अमन के लिए।
मन भटकता रहा मिलन के लिए,
पंछी ने उड़ान भरी गगन के लिए।
रात भर चाँद से बातें करता रहे,
दिल तरसता रहा इक किरण के लिए।
फूल खिलते रहे राह में मगर,
भँवर भटकता चमन के लिए।
आँख में अश्क, होंठ पर मुस्कान,
दिल जलता रहा अगन के लिए।
उम्र भर धूप में चलते रहे हम,
छाँव ढूँढ़ते रहे अपने वतन के लिए।
लाम पर गया परदेस, युवक गांव का,
*दिल से दु

एक नजर

साइबर ठगों का नया पैंतरा: फर्जी चालान मैसेज से रहें सतर्क

25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले के नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक और साइबर अपराधों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा 'RTO चालान/ओवर स्पीडिंग चालान' के नाम पर फर्जी स्क्स भेजकर नागरिकों को ठगने का एक नया तरीका अपनाया जा रहा है, जिसके प्रति बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आमजन को विशेष रूप से सतर्क किया है। हाल ही में सामने आए मामलों के अनुसार, आम नागरिकों के मोबाइल पर अनजान नंबरों या SMS/MMS के माध्यम से RTO Notice या 'Over Speeding Challan जारी होने का संदेश भेजा जा रहा है। इस संदेश में चालान देखने व डाउनलोड करने के लिए एक संदिग्ध वेबसाइट/लिंक (जैसे फर्जी/छद्म parivahan जैसी दिखने वाली लिंक) दी जाती है। ?जैसे ही कोई व्यक्ति उस संदिग्ध लिंक पर क्लिक करता है, तो मोबाइल डिवाइस में स्वतः ही एक APK फाइल डाउनलोड होने लगती है। यदि उपयोगकर्ता इस APK फाइल को अपने फोन में इंस्टॉल कर लेता है, तो यह मैलवेयर/संदिग्ध ऐप फोन की संवेदनशील जानकारी, एसएमएस, ओटीपी या बैंकिंग/यूपीआई विवरण तक अनधिकृत पहुंच बनाकर बड़ी वित्तीय ठगी का कारण बन सकता है। यदि आपके साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है या संदिग्ध गतिविधि सामने आती है, तो बिना विलंब किए: राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या? www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें ?अथवा अपने नजदीकी पुलिस थाना/चौकी या साइबर सेल से संपर्क करें। सतर्कता और जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।

अमृत सरोवरों पर 26 नवंबर को होगा संविधान दिवस आयोजन

रायपुर, 25 नवंबर। भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने की स्मृति में 26 नवंबर को जांजगीर-चांपा जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस मनाया जाएगा। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं, स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, विकसित भारतदूजी राम जी योजना के श्रमिकों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा आजीविका दीदियों की सहभागिता रहेगी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। साथ ही मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व पर उद्बोधन होगा तथा जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर अमृत सरोवरों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत खरपतवार हटाने, गाद निकासी एवं पौधरोपण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

प्रकृति संरक्षण के साथ स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

रायपुर, 25 नवंबर। प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आजीविका के स्थायी अवसर सृजित करने की दिशा में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही वनमंडल द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज मरवाही वनमंडल अंतर्गत गौरेला वन परिक्षेत्र के वन चेतना केंद्र धरमपानी में इको रिजॉर्ट एवं भोजनालय के सुचारू, प्रभावी और सतत संचालन के लिए संचालन समिति के सदस्यों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वनमंडलाधिकारी श्री कुमार निशांत के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के पर्यटन प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार एवं दो सहायक प्राध्यापकों ने समिति के सदस्यों को पर्यटन प्रबंधन और आतिथ्य सत्कार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

बैडमिंटन में धैर्य, चपलता और एकाग्रता का विशेष महत्व : अरुण साव

रायपुर. 25 नवंबर। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर के मोवा स्थित आईस्पोर्ट्स बैडमिंटन एरिना में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं मिनी राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ किया। चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 30 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए श्री साव ने सभी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और उनसे खेल से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि बैडमिंटन केवल शारीरिक क्षमता का खेल नहीं है, बल्कि इसमें धैर्य, चपलता, तेज नजर, पैरों की फुर्ती और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता भी जरूरी होती है। इस



खेल में प्रत्येक खिलाड़ी को पूरे अनुशासन और एकाग्रता के साथ खेलना पड़ता है। खेल के मैदान में मिलने वाली सीख जीवन में भी सफलता हासिल करने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। यहां से खिलाड़ी नए अनुभव और बेहतर सीख लेकर जाएंगे।

श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में साय सरकार ने बैडमिंटन स्टेडियम के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं मिले और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। हाल ही में एशियन पैरा गेम्स-2026 में प्रदेश के श्री अभिजीत सखूजा ने पैरा बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनकी इस उपलब्धि पर 31 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। यह खिलाड़ियों की मेहनत और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में साय सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी ओलंपिक तक पहुंचे और देश के लिए पदक जीतें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रोत्साहन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। खेल के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ रहा है और प्रदेश से लगातार नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। खेल के माध्यम से खिलाड़ी न केवल अपना भविष्य संवारते हैं, बल्कि देश और प्रदेश का नाम भी रोशन करते हैं। राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा के शुभारंभ के मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती आकांक्षा शिक्षा खलखो, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विक्रम सिसोदिया, सचिव श्री संजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री संजय भंसाली, सुश्री कविता दीक्षित, श्री अनुराग दीक्षित, खेल अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

सिहावा-नगरी को पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने की तैयारी, पहले चरण में 20 करोड़ के होंगे विकास कार्य

- **कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने श्रृंगीऋषि और कर्णेश्वर धाम में दर्शन कर पर्यटन विकास की कार्ययोजना पर की चर्चा, एक साल में अधिकतरकार्य पूरे करने का लक्ष्य**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



नगरी 25 नवंबर। ऋषि-मुनियों की तपोभूमि सिहावा-नगरी को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। नगरी प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने श्रृंगीऋषि पर्वत और कर्णेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने श्रृंगीऋषि विकास समिति और कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं, मंदिरों के विकास और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नगरी वास्तव में ऋषियों की भूमि है। सिहावा के बारे में उन्होंने बहुत कुछ सुना था। महानदी, जो दो राज्यों के करोड़ों लोगों के जीवन का आधार है, उसके उद्गम स्थल की देखरेख और विकास की जिम्मेदारी धमतरी आकर उन्हें मिली है। यह उनके लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से सिहावा-नगरी में अपार संभावनाएं हैं। यहां मंदिर, नदियां, पहाड़, जंगल और प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र एक साथ मौजूद हैं। सात ऋषियों के नाम पर अलग-अलग पहाड़ होना इस क्षेत्र की विशिष्ट पहचान है। प्रकृति और आध्यात्मिकता का ऐसा संगम बहुत कम स्थानों पर देखने को मिलता है। जरूरत है इन सभी विशेषताओं को एक समग्र पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित करने की। जिला प्रशासन का प्रयास है कि सिहावा को देश के पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाई जाए।

गणेश घाट से श्रृंगीऋषि पर्वत तक विकसित होंगी पर्यटन सुविधाएं : कलेक्टर ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। प्रथम चरण में खरसिया गांव में विकास कार्य कराए गए हैं। श्रृंगीऋषि मार्ग को सुगम और बेहतर बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। कर्णेश्वर मंदिर, महानदी के संगम स्थल और श्रृंगीऋषि पर्वत को विकसित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि महानदी की सुंदरता को निखारने के लिए गणेश घाट में भव्य घाट का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए नियोजन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उनका कहना था कि नदी की सुंदरता घाटों से और निखरती है। घाट विकसित होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

क्षेत्र में पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए रिजॉर्ट, सामाजिक एवं अन्य आयोजनों के लिए हॉल तथा गार्डन का निर्माण भी प्रस्तावित है। इन निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। कर्णेश्वर मंदिर परिसर में भी गार्डन विकसित किया जाएगा। पिंडदान सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों के लिए बड़े लंगर हॉल का निर्माण किया जाएगा। संगम स्थल को भी अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाया जाएगा।

कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों एवं समिति के पदाधिकारियों से विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से सिहावा-नगरी को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है और लगभग एक वर्ष के भीतर अधिकांश कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्राकृतिक सुंदरता को सुरक्षित रखते हुए होगा विकास : जिला पंचायत सीईओ : इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से सिहावा-नगरी अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां मंदिर, पहाड़, नदी और जंगल सभी एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। पर्यटन गतिविधियां शुरू होने और सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में लगभग 20 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके बाद आवश्यकतानुसार कार्यों का विस्तार किया जाएगा। विकास की पूरी प्रक्रिया में क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विकल्प गुप्ता ने सिहावा-नगरी को विकास कार्यों में प्राथमिकता देने और पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र को विकसित करने की पहल के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

रायपुर नगर निगम के प्रयासों से सुधरी हवा: वायु प्रदूषण नियंत्रण के दिखने लगे सकारात्मक परिणाम



रायपुर 25 नवंबर। 15वें वित्त आयोग की राशि से रायपुर में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार किया जा रहा है। यह कहना उचित नहीं है कि उक्त राशि का उपयोग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहा है। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से बीटी टॉपिंग एवं पैच रिपेयर का कार्य, एंड-टू-एंड पेविंग, धूल के कणों को नियंत्रित करने हेतु मिस्ट व्हीकल एवं वाटर फाउंटेन की व्यवस्था, मुक्तिधामों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापना, नालियों पर ड्रेन कव्हर लगाने का कार्य, इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापना एवं इसके अतिरिक्त शहर में धूल नियंत्रण, सड़क सुधार, हरित क्षेत्र विकास एवं वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उपलब्ध मॉनिटरिंग आंकड़ों के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में PMv0 की औसत सांद्रता वर्ष 2023-24 में 68.47 $\mu g/m^2$ थी, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 65.53 -$\mu g/m^2$ तथा वर्ष 2025-26 में और कम होकर 59.42 $\mu g/m^3$ रह गई है। इस प्रकार दो वर्षों में PMv0 सांद्रता में लगभग 13.2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह कमी सड़क सुधार, धूल नियंत्रण, मिस्ट व्हीकल, एंड-टू-एंड पेविंग एवं अन्य प्रदूषण नियंत्रण उपायों के साथ वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सकारात्मक संकेत है। उल्लेखनीय है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण एक सतत प्रक्रिया है। इसके परिणाम तत्काल नहीं मिलते, बल्कि विभिन्न उपायों के निरंतर क्रियान्वयन से वायु गुणवत्ता में सुधार होता है।

झींगापालन से जशपुर के मत्स्य कृषकों को मिलेगा दोहरा लाभ

रायपुर, 25 नवंबर। जशपुर जिले में मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी और रोजगारपरक बनाने के लिए पारंपरिक मछली पालन के साथ आधुनिक तकनीक आधारित झींगा पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग कर मत्स्य कृषकों की आय बढ़ाने और उनकी आजीविका मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। योजना के तहत जिले के सभी विकासखंडों से निजी और पट्टे पर प्राप्त तालाबों में मत्स्य पालन करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के 40 हितग्राहियों का चयन किया गया है। इनके तालाबों में कुल 25 हेक्टेयर क्षेत्र पर मछली और झींगा का एकीकृत पालन (पॉलीकल्चर) किया जाएगा। इस संबंध में 23 नवंबर को मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बाघिमा, जशपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मत्स्य कृषकों को झींगा पालन की आधुनिक तकनीक, तालाब प्रबंधन, बीज संचयन और उत्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चयनित हितग्राहियों को झींगा बीज भी वितरित किया गया।

योजना के अंतर्गत झींगा पालन के लिए प्रति हेक्टेयर लागत पर विभाग की ओर से 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इससे कृषक कतला और रोहू जैसी प्रमुख मछली प्रजातियों के साथ मीठे पानी में झींगा पालन कर सकेंगे। झींगा की बाजार में अच्छी मांग और अपेक्षाकृत अधिक मूल्य के कारण एक ही तालाब से दो तरह के मत्स्य उत्पाद प्राप्त होंगे।

अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन की सख्ती जारी

रायपुर, 25 नवंबर। जांजगीर-चांपा जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने हसदेव नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर लगभग 25 हाईवा रेत के अवैध भंडारण और चौन माउंट मशीन को जब्त किया है। सडीएम चांपा श्री शशि चौधरी, तहसीलदार श्री प्रशांत पटेल एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हसदेव नदी के तटवर्ती ग्राम सोंठी, पिपरदा, पूछेली, खपरीडीह, बम्हनीडीह एवं गोविंदा में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पूछेली, पिपरदा एवं बम्हनीडीह में अवैध रूप से भंडारित लगभग 25 हाईवा रेत को जब्त किया गया। इसके साथ ही पूछेली एवं पिपरदा में चौन माउंट मशीन होने की सूचना मिलने पर संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जब्ती की कार्रवाई की। जिला प्रशासन द्वारा खनिज संसाधनों के अवैध दोहन पर अंकुश लगाने के लिए नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर श्री महोबे ने अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरीक्षण एवं कार्रवाई का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोण्डागांव जिले को दी 12 करोड़ 47 लाख 75 हजार रुपये के 10 विकास कार्यों की सौगात



रायपुर, 25 नवंबर। प्रदेश के वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोटीकनेरा, हड़ेली और कुधूर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को कुल 12 करोड़ 47 लाख 75 हजार रुपये की लागत के 10 महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी। इन कार्यों में सड़क निर्माण, छात्रावास भवन, आहाता निर्माण, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं। इनसे क्षेत्र में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चंद्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष श्री टोमेंद्र ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिधिगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही शांति और विश्वास का नया वातावरण निर्मित हुआ है। कभी नक्सलवाद के कारण जहां अधिकारी और कर्मचारी पहुंच नहीं पाते थे, आज वहां जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। शासन की योजनाएं अब दूरस्थ गांवों तक पहुंच रही हैं और विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। उन्होंने नक्सलवाद से क्षेत्र को मुक्त कराने में पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों की भूमिका की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर को विकसित और समृद्ध संभाग बनाने का संकल्प साकार हो रहा है। शासन की प्राथमिकता है कि दूरस्थ गांवों तक सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएं पहुंचे।

वन मंत्री ने ग्राम बोटीकनेरा में 72.50 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत ग्राम पंचायत बोटीकनेरा में 10 लाख रुपये की लागत से पांच दुकानों वाले व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण शामिल है। इससे स्थानीय युवाओं को व्यवसाय एवं स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हसलनार के प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में 14.50 लाख रुपये की लागत से 234 मीटर आहाता निर्माण तथा 6 लाख रुपये की लागत से व्यापार सह केन्द्र गोदाम के सामने सोलर हाई मास्ट लाइट की स्थापना की जाएगी। ग्राम पंचायत मर्दापाल के प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में 15 लाख रुपये की लागत से 243 मीटर आहाता निर्माण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने 6 लाख रुपये की लागत से सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित की जाएगी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मयूरडोंगर के प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में 15 लाख रुपये की लागत से 243 मीटर आहाता निर्माण तथा ग्राम पंचायत बड़ेकुरुषनार के पटेलपारा में 6 लाख रुपये की लागत से सोलर हाई मास्ट लाइट की स्थापना की जाएगी।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने प्रेसवार्ता में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- **गन्ना उत्पादकों को 425 रुपए प्रति क्विंटल और दलहन-मिलेट्स खरीदी पर भी दी जानकारी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



खैरागढ़ 25 नवंबर। जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने प्रेसवार्ता लेकर कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा कि खरीफविपणन वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता दी जाएगी। इस बार सहायता राशि धान की बिक्री की मात्रा के बजाय पंजीकृत रकबे के आधार पर निर्धारित की गई है। इससे कम धान बेचने वाले किसानों को भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे किसानों की आर्थिक सुरक्षा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने वाला निर्णय बताया।

बघेल ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कार्यक्षेत्र में राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कबीरधाम जिले शामिल हैं। खरीफ 2026 में अब तक 2,72,846 किसानों को 1,676.29 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया है। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए 3,84,777 पंजीकृत किसानों से 2,08,82,110 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसका अनुमानित समर्थन मूल्य 5,097 करोड़ रुपए है। बैंक के कार्यक्षेत्र में 136 नई प्राथमिक कृषि साख समितियों का गठन किया गया है। वर्तमान में 358 समितियों के 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है।

प्रेसवार्ता में गन्ना प्रोत्साहन राशि की जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य शासन ने गन्ने का उपार्जन मूल्य 355 रुपए से बढ़ाकर 425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। केंद्र सरकार की उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) और राज्य द्वारा घोषित दर के अंतर की राशि गन्ना प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। शक्कर रिकवरी के आधार पर कवर्धा कारखाने से जुड़े किसानों को 488.67 रुपए, पंडरिया के किसानों को 455.10 रुपए, बालोद के किसानों को 432.62 रुपए और सूरजपुर के किसानों को 425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने इसे देश के अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ के गन्ना किसानों के लिए लाभकारी व्यवस्था बताया।

बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत दलहन और तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 29 जिलों के 273 केंद्रों से 3,72,039 क्विंटल दलहन-तिलहन की खरीदी कर किसानों को 219.08 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इसमें अकेले चना के 3,54,127 क्विंटल उपार्जन पर 207.59 करोड़ रुपए का भुगतान शामिल है।

इसके साथ धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपए तथा अन्य अधिसूचित फसलें लेने पर 10 हजार रुपए की आदान सहायता का प्रावधान भी बताया गया।

बैंक अध्यक्ष ने बताया कि खरीफ 2023 से खरीफ 2025 तक प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत कुल 35,904.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इसमें खरीफ 2023 में 13,289 करोड़, खरीफ 2024 में 11,976 करोड़ और खरीफ 2025 में 10,639 करोड़ रुपए शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ कृषि में विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिसेसर दास साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू और टीके चंदेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

शताब्दी महोत्सव में महात्मा गांधी को किया नमन

रायपुर, 25 नवंबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के राष्ट्रीय विद्यालय एवं बाल आश्रम आगमन की स्मृति में आयोजित शताब्दी महोत्सव में शामिल होकर बापू को नमन किया। छत्तीसगढ़ की यह धरती धन्य है, जहां से पंडित सुंदरलाल शर्मा जी के माध्यम से बापू को अस्पृश्यता निवारण की प्रेरणा मिली। आज के दौर में जब हमारे युवा सोशल मीडिया और 10 सेकंड के वीडियो में व्यस्त हैं, तब हमें महापुरुषों के आदर्शों को मोटी किताबों से निकालकर छोटे और प्रभावशाली संदेशों के जरिए उन तक पहुंचाना होगा।बाल आश्रम और राष्ट्रीय विद्यालय को शिक्षा का इतना बेहतरीन केंद्र बनाएं कि लोग यहां अपने बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश लगाएं। समाज के जरूरतमंद बच्चों का भविष्य संवारना ही बापू को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर राधा जी को उनकी नई पुस्तक के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, आयोजक अजय तिवारी, देवीचंद श्रीश्रीमाल गोकुल दास मदनलाल, राजकिशोर नथानी,रामोतार,सुरेश बजाज , हरि वल्लभ , गोवर्धन दास जी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के प्रतिभागी सम्मनित किए गए

महासमुंद 25 नवंबर । विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के अंतर्गत जिला स्तरीय पी.पी.टी. राउंड प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी, गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद सुश्री अनुपमा आनंद, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण श्री मनोज धृतलहरे, माई भारत जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी प्रतिभागियों को भागीदारी करने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा युवाओं को जनजातीय नेतृत्व, प्राकृतिक संपदा और समावेशी विकास विषय से संबंधित तथ्यों पर प्रकाश डाला तथा सरगुजा से लेकर बस्तर तक खनिज संसाधनों की उपलब्धता, शासकीय योजनाओं, पी एम जनमन, धरती आभा आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के पहलुओं पर प्रेजेंटेशन की तैयारी करने मार्गदर्शन किया।

आयोजन में जिले से चयनित प्रतिभागियों द्वारा जनजातीय नेतृत्व, प्राकृतिक संपदा एवं समावेशी विकास विषय पर अधिकतम 5 मिनट का व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण दिया गया। निर्धारित प्रक्रिया एवं प्रस्तुतीकरण के मूल्यांकन के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 06 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर हेतु किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। विकसित भारत यंग लीडर डॉयलॉग जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों में महासमुंद जिले से रितिक पहरिया बागबाहरा, निशांत साहू महासमुंद, डिंपल चौधरी बसना, ढालेश्वर साहू महासमुंद, अक्षत गुर्वेकर महासमुंद, आशीष कुमार साहू महासमुंद, मिथलेश साहू बागबाहरा, पुनीत लाल साहू सरायपाली, राजवीर अंबिलकर महासमुंद, दीक्षा बारीक सरायपाली एवं मयंक चौधरी महासमुंद विकासखंड से शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ वर्मा अपर कलेक्टर महासमुंद, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, समीर चंद प्रधान, अवनीश वाणी, सुरेंद्र मानिकपुरी, द्रोपती साहू, महेश्वरी साहू का सहयोग रहा। विकसित भारत यंग लीडर डॉयलॉग जिला स्तरीय पीपीटी राउंड प्रतियोगिता के परिणाम में रितिक पहरिया विकासखंड बागबाहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, पुनीत लाल साहू विकासखंड सरायपाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं अक्षत गुर्वेकर विकासखंड महासमुंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर हेतु कुल 06 प्रतिभागी का चयन किया गया हैं जिसमें विजेताओं के अलावा राजवीर अंबिलकर महासमुंद, ढालेश्वर साहू महासमुंद एवं मयंक चौधरी महासमुंद शामिल हैं।

जशपुर में चक्रवात से प्रभावित फसलों का सर्वे जारी, किसानों के मुआवजे के लिए प्रकरण तैयार

जशपुर, 25 नवंबर। जशपुर जिले में चक्रवात से धान की फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कृषि विभाग और बीमा कंपनी के मैदानी अमले प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जशपुर विकासखंड के किसान श्री बबलू तिवारी की फसल को हुए नुकसान के संबंध में प्रकाशित समाचार को भी संज्ञान में लिया गया है।विभागीय अमला बीमित किसानों को फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर देने की जानकारी दे रहा है। जिन किसानों ने फसल बीमा नहीं कराया है, उनकी फसल क्षति का आकलन कर आर.बी.सी. 6-4 के तहत मुआवजे के प्रकरण तैयार करने और तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।उप संचालक कृषि के अनुसार, जिले में अब तक आर.बी.सी. 6-4 के तहत फसल क्षति के 432 प्रकरण

कोचियों और बिचौलियों पर निगरानी के लिए जिलेभर में जांच अभियान जारी

अवैध धान भंडारण पर जिला प्रशासन ने खरसिया में दो स्थानों पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 25 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमें जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रों में गोदामों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और धान भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में खरसिया क्षेत्र में मंडी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त जांच टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर निरीक्षण के दौरान कुल 115 कट्टी यानी 46 क्विंटल धान अवैध रूप से भंडारित पाया। दोनों मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जांच के दौरान छपरीगंज, खरसिया निवासी श्री विक्की अग्रवाल के यहां 45 कट्टी यानी 18 क्विंटल धान अवैध रूप से भंडारित मिला। जांच दल ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह खरसिया क्षेत्र के काफरमार स्थित श्री वरुण तिवारी के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। यहां जांच के दौरान 70 कट्टी यानी 28 क्विंटल धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। इस मामले में भी संबंधित के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

बिरहोर और पहाड़ी कोरवा परिवारों का आधार पंजीयन कराने गांवों में विशेष शिविर शुरू

धरमजयगढ़ ब्लॉक की सात ग्राम पंचायतों में 30 नवंबर तक होगा आधार पंजीयन एवं अपडेट का कार्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 25 नवम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आज से विशेष आधार पंजीयन शिविरों की शुरुआत हो गई है। इन शिविरों के माध्यम से ऐसे हितग्राहियों की पहचान कर उनका आधार पंजीयन कराया जा रहा है, जिनका अब तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। साथ ही, जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन या अपडेट की जरूरत है, उनका भी आधार अपडेट किया जा रहा है।

इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत गिधकालो, रतनपुर, सिसरिंगा, पेलमा, जलडेगा, साजापाली एवं खर्रा में 24 से 30 नवंबर 2026 तक विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में संबंधित क्षेत्रों के बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों तक पहुंचकर आधार पंजीयन एवं अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें आधार बनवाने के लिए दूरस्थ केंद्रों तक जाने की परेशानी न हो। आधार कार्ड विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आधार पंजीयन होने से हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। साथ ही विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी आसान होगी।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय का कोई भी पात्र परिवार केवल आधार कार्ड के अभाव में शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र परिवारों का आधार पंजीयन सुनिश्चित करने के साथ ही उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। इन विशेष शिविरों में बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा समुदाय के हितग्राहियों के अलावा अन्य ग्रामवासी भी आधार पंजीयन एवं आधार अपडेट की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

जशपुर में चक्रवात से प्रभावित फसलों का सर्वे जारी किसानों के मुआवजे के लिए प्रकरण तैयार

जशपुर, 25 नवंबर। जिले में चक्रवात से धान की फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कृषि विभाग और बीमा कंपनी के मैदानी अमले प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जशपुर विकासखंड के किसान श्री बबलू तिवारी की फसल को हुए नुकसान के संबंध में प्रकाशित समाचार को भी संज्ञान में लिया गया है।विभागीय अमला बीमित किसानों को फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर देने की जानकारी दे रहा है। जिन किसानों ने फसल बीमा नहीं कराया है, उनकी फसल क्षति का आकलन कर आर.बी.सी. 6-4 के तहत मुआवजे के प्रकरण तैयार करने और तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।उप संचालक कृषि के अनुसार, जिले में अब तक आर.बी.सी. 6-4 के तहत फसल क्षति के 432 प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालयों में जमा किए गए हैं। वहीं, फसल बीमा कराने वाले 50 किसानों को कुल 30.27 लाख रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

किताबी ज्ञान से आगे बढ़े धमतरी के युवा, रायपुर में देखा तकनीक, उद्योग और रोजगार का नया संसार

धमतरी, 24 नवंबर। जिले के युवाओं को आधुनिक तकनीक, नवाचार, उद्यमिता और रोजगार के बदलते स्वरूप से परिचित कराने के उद्देश्य से 100 युवा एम्बेसडर्स एवं 10 फैकल्टी सदस्यों का रायपुर शैक्षणिक एवं औद्योगिक एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस भ्रमण में पॉलिटेक्निक, पीजी कॉलेज, सिलौटी, आमदी, कुरूद सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, तकनीकी प्रयोगशालाओं, स्टार्टअप और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का अवलोकन कर उनकी कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के एआई सेंटर एवं विभिन्न तकनीकी प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। यहां उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी मिली। इसके अलावा इनोव कुर्सी को-वर्किंग सेंटर, वर्की को-वर्किंग सेंटर, बीपीओ संस्थानों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने मरीन ड्राइव का भी अवलोकन किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि स्टार्टअप की शुरुआत कैसे होती है, किसी नए विचार को व्यावसायिक स्वरूप कैसे दिया जाता है और कंपनियां किस तरह अपनी सेवाओं का संचालन करती हैं। बीपीओ एवं अन्य संस्थानों में कामकाज की प्रकृति, कार्यस्थल का वातावरण, टीमवर्क, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल तथा विभिन्न पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और कौशल के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने यह समझने का प्रयास किया कि वर्तमान समय में रोजगार के लिए किस प्रकार की पढ़ाई, तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक दक्षता आवश्यक है।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्योग जगत की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव मिलना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 100 विद्यार्थियों को रायपुर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण कराया गया। एनआईटी रायपुर के एआई सेंटर और विभिन्न प्रयोगशालाओं के अवलोकन से विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान की नई संभावनाओं को जानने का अवसर मिला। वहीं स्टार्टअप और बीपीओ संस्थानों में उन्होंने रोजगार की प्रकृति, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, कौशल विकास, टीमवर्क और उद्यमिता की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझा।

बस्तर ओलंपिक 2026 के विजेता खिलाड़ियों को सांसद भोजराज नाग ने किया पुरस्कृत

कांकेर, 25 नवंबर। जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2026 का आज विधिवत समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि आज बस्तर में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सलवाद के उन्मूलन के प्रयासों तथा अर्धसैनिक बलों, पुलिस जवानों और बस्तर फाइटर्स के युवाओं के योगदान से बस्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। पूर्व में नक्सलवाद के कारण विकास कार्य प्रभावित होते थे और लोग गांवों में जाने से डरते थे, लेकिन अब बस्तर विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवाओं के हुनर को निखारने और उनकी प्रतिभा को सामने लाने के लिए बस्तर ओलंपिक महत्वपूर्ण मंच बन रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने हुनर के माध्यम से आगे बढ़ने का प्रयास करें, शासन-प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। खेल से अनुशासन की सीख मिलती है।

गांवों का विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : ओपी चौधरी



रायगढ़, 25 नवंबर। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी ने आज रायगढ़ के नेतनागर में जन चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना और गांव की जरूरतों तथा विकास कार्यों के संबंध में उनसे चर्चा की।गांवों का विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता - वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी

चौधरी ने कहा कि गांवों के विकास की योजना बनाते समय वहां रहने वाले लोगों की बात सुनना जरूरी है। जन चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों को अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी बातों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।वित्त मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में स्वीकृत विकास कार्यों से गांवों में विकास की गति तेज हो रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास कार्यों का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे और उनकी रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों से निरंतर संवाद करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए काम किया जाएगा।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरुद, 25 नवंबर। सिंधी धर्म के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पूरब के पावन अवसर पर मंगलवार, 24 नवंबर को नगर में सिंधी समाज द्वारा अत्यंत भव्य एवं भक्तिपूर्ण शोभायात्रा निकाली गई। सुबह से ही नगर का वातावरण गुरु नानक देव जी की भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया।

नगर भ्रमण और भव्य स्वागत

सुबह 11 बजे पारंपरिक बाजे-गाजे और गुरु महाराज के जयकारों के साथ शोभायात्रा की शुरुआत स्थानीय सिंधी धर्मशाला से हुई। शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में



पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए आगे बढ़े। यह यात्रा पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक और तहसील रोड से होते हुए सिरसा चौक, पचरीपारा और शंकर मंदिर मार्ग का भ्रमण कर पुनः सिंधी धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

बाबा गुरुदास राम दरबार में अरदास और भंडारा

शोभायात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालु सिंधी धर्मशाला में सजे बाबा गुरुदास राम दरबार पहुंचे, जहां विशेष अरदास और गुरु नानक देव जी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस पावन अवसर पर समाज की ओर से आम नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे (लंगर) का आयोजन भी किया गया। इसमें नगरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की।पूरे आयोजन को सफल बनाने में सिंधी समाज के पदाधिकारियों मुरलीधर बजाज, मुरलीधर शादीजा,राजकुमार चैनवानी, राजेंद्र बजाज, राजकुमार, बजाज,संजय चैनवानी,सुरेश वर्दियांनी ,अनिल बजाज,नरेश बजाज, अनिल शुक्रमणि,मोहन शुक्रमणि एवं अन्य युवा वाहिनी में देवेंद्र बजाज, आशीष शादीजा, अंकित बजाज,लखन नवलानी,आकाश रमानी,मुकेश नागवानी सुमन बजाज,कनक बजाज, मधु बजाज, माही शादिजा माही नवलानी,जिया वर्दियानी, गुंजन नव लानी, भाविका सुखरामणि, स्वाति सुखरामणि, कशिश एवं बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता दी।

समाचार संक्षेप

भाटापारा आर पी एफ थाने का सहयोग और तत्परता सराहनीयः डॉ अयाज फारूकी



भाटापारा, 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाटापारा में आज सुबह अनवारुल होदा जो कि हिरमी थाना सुहेला में रहने वाले जो की परिवार सहित गोंदिया बी जे यू एक्सप्रेस से समस्ती पुर जाने भाटापारा रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर यात्रा करने निकले कुछ दूर जाने पर अचानक उन्हें अपना एक समान का बैग स्टेशन पर ही भूलने कि याद आई वो तत्काल भाठापारा आर पी एफ थाना से फ़ोन से संपर्क करने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए खोज बिन शुरू किया गया और उनकी तत्परता से मौके पर समाना सहित बैग बरामद हुआ जिसे क़ानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तत्काल प्रभाव से उनके रिश्तेदार डॉ अयाज अहमद फ़ारूक़ी और उनके साथ गए सतीस मिश्रा को सौंपा गया इस तत्परता के लिये आर पी एफ थाना प्रभारी और पूरी टीम की बधाई देते देते हुए सहयोग के धन्यवाद ज्ञापित किया जिसे आर पी एफ थाना प्रभारी एस के शुक्ला और उनकी टीम के उप निरीक्षक सी एस मिश्रा,ए एस आई वी के मोहन, हेड कांस्टेबल सीमा जोशी,कांस्टेबल शमसेर सिंह और पूरी टीम की विशेष सहयोग रहा।

निर्धारित मात्रा से अधिक धान परिवहन करने पर वाहन सहित 173.80 क्विंटल धान जब्त



कांकेर, 25 नवम्बर । कृषि उपज मंडी समिति कांकेर द्वारा मंडी नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निर्धारित मात्रा से अधिक धान का परिवहन पाए जाने पर वाहन सहित कुल 173.80 क्विंटल धान जप्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर श्रीमती सरस्वती बंजारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 नवम्बर 2026 को मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा थाना कांकेर क्षेत्र में वाहन क्रमांक 3971 की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में धान का परिवहन पाया गया। वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं अनुमति-पत्र में धान की मात्रा 140 क्विंटल अंकित थी, जबकि भौतिक जांच में वाहन में कुल 173.80 क्विंटल धान पाया गया। इस प्रकार दस्तावेजों में दर्शाई गई मात्रा से 33.80 क्विंटल अधिक धान का परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों में खण्डेलवाल ट्रेडर्स, ग्राम विश्रामपुरी, जिला कोंडागांव से संबंधित जानकारी भी प्राप्त हुई।मामले में कृषि उपज मंडी अधिनियम एवं संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए जप्ती पंचनामा तैयार किया गया तथा धान सहित वाहन को जप्त कर लिया गया। मंडी समिति द्वारा कृषि उपज के परिवहन में निर्धारित मात्रा एवं मंडी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार जांच की जा रही है। समिति ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एनआईटी रायपुर की कार्यशाला में महिलाओं को कौशल, तकनीक, नवाचार एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर रहेगा विशेष फोकस

धमतरी, 25 नवंबर । महिलाओं को तकनीकी कौशल, नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके लिए रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर विकसित करने के उद्देश्य से 25 नवंबर को धमतरी में एक दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) कार्यशाला का (ONE-DAY ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAMME (EDP) WORK-SHOP) आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग के अंतर्गत संचालित पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन सुबह 9 बजे बीआरपी पॉलिटेक्निक कॉलेज, धमतरी में होगा। इसका संचालन एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की थीम 'कौशल, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण' रखी गई है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में आईआईएम रायपुर के निदेशक, एनआईटी रायपुर के निदेशक, प्रतिष्ठित प्राध्यापक, उद्योगपति, उद्यमी तथा युवा नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को उद्यम स्थापना, व्यवसाय प्रबंधन, तकनीकी संसाधनों के उपयोग, नवाचार तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं की उद्यमशीलता क्षमता का विकास करना, उन्हें आजीविका के नए अवसरों से परिचित कराना तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक कौशल और व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिलेगा कि उपलब्ध तकनीकी संसाधनों, नवाचार और व्यावसायिक मार्गदर्शन का उपयोग कर वे स्वयं का उद्यम स्थापित करने की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकती हैं।यह पहल महिलाओं को पारंपरिक आजीविका के साथ-साथ आधुनिक तकनीक आधारित व्यवसायों से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को विस्तार देने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

कुम्हड़ाईन दाई मंदिर में बनेगा शेड परिसर में होगा पेवर निर्माण

धमतरी, 25 नवंबर । जिले के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी प्रवास के दौरान ग्राम कुम्हड़ा स्थित प्रसिद्ध कुम्हड़ाईन दाई मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक कर मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आयोजनों के बेहतर प्रबंधन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। समिति के सदस्यों ने बताया कि कुम्हड़ाईन दाई मंदिर क्षेत्र का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आस्थागत स्थल है। यहां प्रतिवर्ष दो बार मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें धमतरी जिले के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में शेड निर्माण की आवश्यकता बताई।

एक नजर

मोटोरोला एज 70 नियो लॉन्च

रायपुर 25 नवंबर। मोटोरोला ने अपना नया प्रीमियम स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 नियो भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती कीमत 34,999 रुपये रखी गई है। स्मार्टफोन में एआई-पावर्ड 50MP सोनी लिटिया 710 मुख्य कैमरा, 32MP सेल्फी कैमरा और 6.8 इंच का 1.5च एक्सट्रीम एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो 144Hz रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है। फ ोन में स्नैपड्रैगन 7s जेन 3 प्रोसेसर और 7000mAh की दमदार बैटरी दी गई है, जो कंपनी के अनुसार 53 घंटे तक का बैकअप दे सकती है। इसमें टर्बोपावर फास्ट चार्जिंग, 4K वीडियो रिकॉर्डिंग, गूगल जेमिनी और सर्कल टू सर्च जैसे एआई फीचर्स भी मिलते हैं। क्वाड-कर्व्ड डिजाइन वाले इस स्मार्टफोन में IP64 रेटिंग, गोरिल्ला ग्लास 7i की सुरक्षा और मिलिट्री-ग्रेड मजबूती दी गई है। यह एंड्रॉयड 16 पर आधारित हेलो यूएक्स के साथ आता है। कंपनी ने इसमें तीन एंड्रॉयड ओएस अपग्रेड और वर्ष 2031 तक सिक्योरिटी अपडेट देने का वादा किया है।

प्रशासन ने 150 बोरी धान अवैध परिवहन करते जब्त किया



राजनांदगांव 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान अवैध धान परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में कल्लूबंजारी चेकपोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से लाए जा रहे 150 बोरी धान को वाहन सहित जब्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थापित चेकपोस्ट में धान परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के पंजीकृत एवं पात्र किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का लाभ सुनिश्चित करने तथा अवैध धान की खपत रोकने के लिए प्रशासन द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम कलडबरी में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

डोंगरगांव 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम कलडबरी में भव्य दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सरपंच अध्यक्ष दीनदयाल साहू, जंत्री बाई साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कलडबरी, ईश्वर निर्मलकर, युवा मोर्चा महामंत्री, दुखु राम साहू एवं पुरुषोत्तम निर्मलकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक किशोर साहू, उत्तरा साहू, रमेश साहू, चैतु रावटे, शेखर रावटे, निर्भय रावटे, हरीश साहू, दीपक ठाकुर, पूना कतलाम, लुमन साहू, राकेश निर्मलकर, नारायण साहू, हेमंत, राजेंद्र यादव, चोवा पटेल, धनेंद्र ठाकुर, रहीपाल मांडवी, टेमन साहू एवं राजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कैलाश शर्मा ने कहा कि ÷रामधुनी हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।÷ उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है। दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न रामधुनी मंडलियों द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गईं।

कथनी और करनी एक हो तभी सफल होगा नशामुक्त भारत अभियान : तुलेश्वर कुमार सेन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

साल्हेवारा 25 नवंबर। रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा में 21 नवंबर को रूख्व भारत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के तत्वावधान में आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी राजनांदगांव शुभजीत डे के मार्गदर्शन एवं छुईखदान विकासखंड के NYV शिव कुमार गात्रेकर के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नशामुक्त युवा भारतङ्कविकसित भारत' रहा। कार्यक्रम में विगत 20 वर्षों से नशामुक्त भारत अभियान चला रहे राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक तुलेश्वर कुमार सेन को रूख्व भारत की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षक तुलेश्वर कुमार सेन ने कहा कि कथनी और करनी एक हो, तभी नशामुक्त भारत अभियान सफल होगा।* यदि हम स्वयं नशा करते हैं, उसका प्रचार-प्रसार करते हैं अथवा नशा करने वालों का सहयोग करते हैं और दूसरी ओर नशामुक्ति की बात करते हैं, तो यह स्वयं के साथ-साथ समाज के साथ भी धोखा है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सबसे पहले स्वयं अपने आचरण में बदलाव लाना आवश्यक है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार रहीं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हेमलता मंडावी, सांसद प्रतिनिधि श्री खम्हन ताम्रकार, श्री निजाम मंडावी एवं पत्रकार दिलीप शुक्ला उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीतू डोंगरे ने की।

विषय विशेषज्ञों ने भी युवाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. प्रकाश खुंटे, एमडी, शासकीय चिकित्सालय राजनांदगांव ने नशे के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। थाना प्रभारी सीताराम सागर ने कानून, अनुशासन एवं नशे से दूरी का संदेश दिया। समाजसेवी मनोज साहू ने सामाजिक जिम्मेदारियों तथा मिथलेश पटेल ने आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक, माल्यार्पण एवं आरती-वंदना के साथ हुआ। इस दौरान नशामुक्ति जागरूकता संवाद, हस्ताक्षर अभियान, स्लोगन बॉक्स एवं सामूहिक शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

NYV शिव कुमार गात्रेकर ने रूख्व भारत के उद्देश्यों, युवा सहभागिता, नेतृत्व विकास, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से इस मंच से जुड़कर सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया गया कि नशामुक्ति केवल व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा शक्ति को सही दिशा देकर ही स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है।



मितानिन बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला, जनसेवा में उनका योगदान अमूल्य : अग्रवाल

रायपुर, 25 नवंबर। प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल आज सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत रामगढ़ में आयोजित मितानिन सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली मितानिन बहनों के समर्पण, परिश्रम और सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता का लाभ पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मितानिन बहनें केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज में सेवा, संवेदना और विश्वास की प्रतीक हैं। वे गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर माताओं, बहनों, बच्चों तथा जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करती हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की देखभाल, सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन, बच्चों के टीकाकरण, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में उनका योगदान सराहनीय है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मितानिन बहनें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करती हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उनका निरंतर प्रयास समाज के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त हों। इस दिशा में मितानिन बहनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है कि गांवों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों। इस लक्ष्य को साकार करने में मितानिन बहनों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीण समुदाय के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करती हैं। वे न केवल स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाती हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करती हैं। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती मिल रही है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि समाज में सेवा का कार्य सबसे बड़ा और पुण्य कार्य है। मितानिन बहनें अपने परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए दूसरों के स्वास्थ्य और जीवन की चिंता करती हैं। उनका यह त्याग, समर्पण और सेवाभाव पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों की मेहनत और जनसेवा की भावना को जितना सम्मान दिया जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों का योगदान केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पोषण, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में उनकी सहभागिता विशेष महत्व रखती है।

बिचौलियों के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई,393 कट्टा अवैध धान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 25 नवंबर। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के बीच अवैध धान भंडारण और बिचौलियों पर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने विभिन्न तहसीलों में कार्रवाई करते हुए कुल 393 कट्टा अवैध धान जब्त किया है। इसके साथ ही एक स्थान से लगभग 15 क्विंटल खुला धान और दूसरे स्थान से 15 कट्टा चावल भी जब्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमगा अनुविभाग मे राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम कामता स्थित शायब ट्रेडिंग कंपनी से 279 कट्टा धान एवं लगभग 15 क्विंटल खुला धान जब्त किया। इसी तरह तहसील लवन के ग्राम भालुकोना में विमल ट्रेडर्स की दुकान से 90 कट्टा धान जब्त किया



गया।वहीं, तहसील टुंड्रा के ग्राम गिरौदपुरी में बिसाहू साहू किराना स्टोर से 10 कट्टा धान एवं 15 कट्टा चावल तथा ग्राम नरधा में पूनाराम ट्रेडर्स से 14 कट्टा धान जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 नवम्बर से खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा बिचौलियों, अवैध भंडारण एवं अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए सीएम साय

रायपुर, 25 नवंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर गुरूद्वारा श्री सिंगसभा सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित प्रकाश पर्व समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने गुरूद्वारा में मत्था टेका तथा पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाकर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धाभाव से लंगर में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने भी गुरूद्वारा में मत्था टेका और लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रकाश पर्व समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी गुरु नानक देव जी की जयंती मनाने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं।

खर्चीली शादियां छोड़ें, आदर्श विवाह अपनाएं: ताम्रध्वज साहू

■ पारिवारिक संस्कारशाला को बताया समाज की मजबूती का आधार - डॉ. नीरेंद्र साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 25 नवंबर। शहर के साहू सदन बसंतपुर में जिला साहू संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ उत्साह और सामाजिक एकता के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक ताम्रध्वज साहू ने भक्त शिरोमणि संत माता कर्मा जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल सहित उपस्थित अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर सामाजिक ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने की।

मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में आदर्श विवाह समाज की आवश्यकता है। शादी-विवाह में होने वाली अनावश्यक फिजूलखर्ची परिवार और समाज की उन्नति में बाधा बनती है। समाज को खर्चीली शादियों की परंपरा को समाप्त कर सादगीपूर्ण आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने मृत्यु भोज में भी सादगी अपनाने और केवल सादा भोजन कराने की अपील की। उन्होंने कहा



कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर कर शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक एकता के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. नीरेंद्र साहू ने समाज में पारिवारिक संस्कारशाला की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवार बच्चों की पहली पाठशाला है। परिवार में अच्छे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों का विकास होने से समाज मजबूत बनता है। समाज को नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने तथा सामाजिक एकजुटता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबेल साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन समाज को जोड़ने और विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे आयोजनों से परिवारों को आपसी परिचय और योग्य जीवनसाथी चयन का अवसर मिलता है। उन्होंने भी खर्चीली शादियों को बंद कर आदर्श विवाह को बढ़ावा देने तथा समाज को संगठित होकर आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, डोंगरगांव के पूर्व विधायक खेदूराम साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू, तेलघानी बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, छत्तीसगढ़ साहू संघ युवा विंग के संयोजक शशिकांत साहू, महिला विंग की संयोजक दिव्या कलिहारी, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, खैरागढ़ जिला साहू संघ के अध्यक्ष तिलेश्वर साहू तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला साहू संघ के अध्यक्ष मदन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला साहू संघ के संरक्षक भागवत साहू, सलाहकार मोती साहू, हुमन साहू, अध्यक्ष नोबेल साहू, महासचिव नीलमणि साहू एवं अनिल साहू, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष अंजू दिनेश साहू एवं देवेंद्र साहू, संगठन सचिव इंदु साहू, विजय साहू एवं माधव साहू, लेखा परीक्षक चंद्रशेखर साहू, तहसील साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष मिलाप साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष राजेश साहू, कुमरदा तहसील अध्यक्ष, डोंगरगढ़ तहसील अध्यक्ष मदन मोहन साहू, छुरिया तहसील अध्यक्ष चूरामन साहू, डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, घुमका तहसील अध्यक्ष दिलीप साहू तथा लाल बहादुर नगर तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू सहित विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा न्याय प्रकोष्ठ के सह-संयोजक डॉ. महेश साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक मदन साहू, संगठन सचिव माधव साहू, सलाहकार पुरुषोत्तम साहू, विष्णु साव, हिरेन्द्र साहू एवं यशवंत साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. चेतन साहू, श्रीमती नीरा साहू, श्रीमती इंदु साहू, देवानंद साहू, देवेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, मनीष साहू, मीडिया संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर साहू, परदेसी सोनबोईर सहित युवा शाखा एवं महिला शाखा के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज ने विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके परिवारों को परिचय का साझा मंच उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक समरसता, सादगीपूर्ण विवाह और संस्कारयुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया।

रेलवे स्टेशन से लॉज ले जाकर दुष्कर्म करने वाला 7 महीने बाद गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 25 नवंबर। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही महिला को बहला-फुसलाकर लॉज ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने 32 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने 22 नवंबर को थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को वह मायके से बेंगलुरु जाने के लिए सुबह राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंची थी। टिकट लेने के बाद ट्रेन लेट होने के कारण वह प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रही थी।

रात करीब 10:30 बजे एक महिला और एक व्यक्ति उसके पास आए और उसके गंतव्य के बारे में पूछने लगे। पीड़िता के बेंगलुरु जाने की जानकारी देने पर दोनों ने भी उसी दिशा में जाने की बात कही। कुछ देर बाद महिला वहां से दूसरी जगह चली गई। आरोप है कि व्यक्ति ने पीड़िता को पानी पीने के लिए दिया, जिसके बाद वह वहीं सो गई और उसकी ट्रेन छूट गई।

पुलिस के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने सुबह उसे ठहरने की व्यवस्था करने का कहकर स्कूटी से बस स्टैंड के पास स्थित चंद्रा लॉज पहुंचाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वहां उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए गए और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि आरोपी ने उसे कई दिनों तक लॉज में रखा और बाद में दीवानटोला, बजरंगपुर नवागांव स्थित किराये के मकान में ले जाकर भी उसके साथ कई बार जबरदस्ती की।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 723/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी की गई।

पुलिस ने 24 नवंबर को आरोपी उमेश कुमार वर्मा (32), निवासी बाजार अतरिया, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 08 आर 9990 को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, उप निरीक्षक सुमेन्द्र कुमार खरे, सहायक उप निरीक्षक नंदनी ठाकुर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक उपासना साहू और थाना स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

राजनांदगांव की हैंडबॉल की 10 खिलाड़ी 48वीं एचएफआई जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगी अपना जौहर

राजनांदगांव 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले की बालिका हैंडबॉल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राजनांदगांव की 10 बालिकाओं का 48वीं ।स्रब्ध जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 25 से 29 नवंबर 2026 तक मस्तुआना साहिब, संगरूर, पंजाब में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ी रविवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होंगी और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत दिनों हैंडबॉल एसोसिएशन जिला राजनांदगांव द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि राजनांदगांव क्लब की टीम चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेल कौशल के आधार पर जिले की 10 बालिकाओं का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में भावना(शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बुचाटोला), नंदनी(शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी कालेज छुरिया), फुलेश्वरी (शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी कालेज छुरिया), भाग्यश्री (शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बुचाटोला), चंदानी(शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बुचाटोला), रविना (शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी कालेज छुरिया), अनुष्का सोनी (साइंस कॉलेज), जया साहू नीरज पब्लिक स्कूल), योगिता गुप्ता (नीरज पब्लिक स्कूल) एवं प्रथा चौहान (आर के सी स्कूल) शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षक धर्मोक्ष जमुरिया (पीटीआई शासकीय स्कूल बुचाटोला), निशार अब्बास (पीटीआई नीरज पब्लिक स्कूल)एवं जयश मुदलियार(पीटीआई गायत्री स्कूल) द्वारा नियमित रूप से हैंडबॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन, मेहनत एवं खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास से जिले की बालिकाएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री धनंजय सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की। हैंडबॉल एसोसिएशन जिला राजनांदगांव के सचिव औमान नारायण तम्बोली ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से छत्तीसगढ़ हैंडबॉल के सचिव श्री प्रिंस मिश्रा द्वारा उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसका निर्वहन वे अनुशासन एवं निरंतरता के साथ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से जिले में खिलाड़ियों को नियमित प्रतियोगिताओं एवं बेहतर प्रशिक्षण के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।





धान खरीदी उत्सव

कृषक उन्नति योजना का विस्तार



- प्रति एकड़ **21 क्विंटल** से कम धान उपार्जन पर भी आदान सहायता का पूरा लाभ
- अब प्रति क्विंटल नहीं, प्रति एकड़ के मान से आदान सहायता
- कम उत्पादकता वाले लघु और सीमांत कृषकों को मिलेगा अतिरिक्त लाभ
- **₹13,839** प्रति एकड़ आदान सहायता





श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

संवाद-49840/6

हमसे जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

समृद्ध किसान, छत्तीसगढ़ की पहचान

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26